हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 51, पृष्ठ 4, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 4 अगस्त, 2021 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

## मानसून सत्रः 'पापड़ी चाट' ट्वीट और पर्चा फाड़ने वाले सांसदों से पीएम मोदी नाराज

### टीएमसी सांसद ने सरकार पर कसा था तंज, राज्यसभा में भी उठा मुद्दा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने संसद की कार्यवाही ठप रखने के लिए विपक्ष के प्रति नाराजगी जाहिर की। पीएम मोदी ने इसे संसद, संविधान और देश का अपमान बताया। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि पीएम मोदी ने बैठक के दौरान टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन के 'पापड़ी चाट' वाले बयान को भी अपमानजनक बताया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी सदस्यों का आचरण ओर उनका व्यवहार जनता का भी अपमान है। बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, कल तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद ने ट्वीट किया था। प्रधानमंत्री ने इसे जनता का अपमान बताया और कहा कि जनता ही सांसदों को चुनती है। प्रधानमंत्री ने इस बयान पर नाराजगी जताई...पापड़ी-चाट बनाने की बात करना अपमानजनक बयान है। कागज छीन लेना और उसके टुकड़े कर फेंकना और माफी भी ना मांगना उनके अहंकार को दर्शाता है।

बता दें कि तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओब्रायन ने सरकार पर जल्दबाजी में विधेयकों को पारित कराने का आरोप लगाते हुए सोमवार को दावा किया कि सात-सात मिनट में एक विधेयक पारित कराया गया। डेरेक ओ ब्रायन ने एक ट्वीट में कहा था, पहले 10 दिनों में संसद में कमाल! मोदी-शाह ने 12 विधेयक पारित कराए और इसका औसत समय सात मिनट प्रति विधेयक है। उन्होंने कहा कि विधेयक पारित करा रहे हैं या पापड़ी चाट बना रहे हैं। राज्यसभा में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि विपक्ष के एक सदस्य ने सदन में विधेयक पारित करने के तरीके को लेकर एक टिप्पणी की है जो उन्हें नहीं करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि ऐसी टिप्पणी सदन की गरिमा पर आघात है। हमारी मांग है कि वह सदस्य सदन से माफी मांगें। संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हर दिन सदन की कार्यवाही बाधित करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है लेकिन विधेयक पारित करने को लेकर तृणमूल कांग्रेस के एक सदस्य ने जो कहा है वह सदन का, इस देश के लोगों का अपमान है। उन्हें देश से और सदन से माफी मांगना चाहिए।

### रिकॉर्ड स्तर पर शेयर बाजार, सेंसेक्स में भारी उछाल, निफ्टी पहली बार 16 हजार के पार

नई दिल्ली। आज सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार की शुरूआत बढ़त पर हुई। इसके बाद कारोबार के दौरान आज बाजार उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स ने 53532.51 और निफ्टी ने 16041.50 का रिकॉर्ड स्तर छुआ। दोपहर 1.25 बजे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 576.78 अंक (1.09 फीसदी) ऊपर 53527.41 के स्तर पर था। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 153.60 अंकों (0.97 फीसदी) की बढ़त के साथ 16038.75 के स्तर पर था। कंपनियों के बेहतर वित्तीय परिणाम, अनुकूल वृहत आर्थिक आंकड़े और विदेशों में मजबूत रुख का घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके अतिरिक्त जुलाई में बेहतर बिक्री आंकड़ों के कारण वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी आई, जिससे बाजार को मजबूती मिली है। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 388.96 अंक या 0.73 फीसदी नीचे आया।

### जम्मू-कश्मीरः कठुआ में चॉपर क्रैश होकर रंजीत सागर झील में गिरा

जम्मू। जम्मू संभाग में कठुआ जिले के बसोहली के पुरथू के नजदीक भारतीय सेना का एक चॉपर क्रैश हुआ है। बचाव कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार सुबह 10 बजकर 50 मिनट पर हादसा हुआ है। तलाशी अभियान के दौरान दो हेलमेट, दो बैग, एक जूता और चॉपर के कुछ हिस्से बरामद हुए हैं। पायलट और सह-पायलट का अभी तक कोई पता नहीं चला है। रंजीत सागर झील इलाके में सेना की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जाता है। इस इलाके से पंजाब और हिमाचल की सीमाएं जुड़ी हुई हैं, लेकिन जहां चॉपर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, वह क्षेत्र कठुआ जिले में आता है। बता दें कि मामून कैंट, 254 सेना विमानन स्क्वाड्रन, से चॉपर ने उड़ान भरी थी। जोकि रंजीत सागर झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि तकनीकी खराबी की वजह से यह हादसा हुआ है। लेकिन इस पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। तलाशी एवं बचाव अभियान में एनडीआरएफ की टीम लगी हुई है। स्थानीय पुलिस की टीम भी मौके पर है। इससे पहले जनवरी महीने में लखनपुर में सेना का सेना का ध्रुव हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। रुटीन पैट्रोलिंग पर निकले हेलिकॉप्टर ने पठानकोट के मामून कैंट से उड़ान भरी थी।

## राहुल गांधी का विपक्ष को मंत्र, एकजुट रहेंगे तो आरएसएस और भाजपा हमें नहीं दबा सकेंगे



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से नाश्ते पर बुलाई गई बैठक के बाद विपक्षी नेता साइकिलों से संसद भवन पहुंचे। कंस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित राहुल गांधी की अगुवाई में 14 दलों के नेता शामिल हुए। शिवसेना, एनसीपी, आरजेडी और सीपीआई समेत दलों के नेताओं के साथ राहुल गांधी ने सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान राहुल गांधी ने विपक्षी नेताओं से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि हम लोग विपक्ष के तौर पर एकजुट रहेंगे तो फिर आरएसएस और भाजपा हमारी आवाज को दबा नहीं सकेंगे। बैठक में राहुल गांधी के अलावा राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश एवं कई सांसद, तृणमूल कांग्रेस के नेता कल्याण बनर्जी, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव, शिवसेना नेता संजय राउत, राजद के मनोज झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल समेत 14 दलों के नेता शामिल हुए। नाश्ते पर हुई इस बैठक में कुल 16 पार्टियों को न्यौता दिया गया था, लेकिन बसपा और आम आदमी पार्टी के नेता इस बैठक में शामिल नहीं हुए। इन दोनों पार्टियों के इस बैठक में शामिल नहीं होने के कारण का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। इस बैठक को लेकर खड़गे ने कहा कि संसद में सरकार को घेरने की साझा रणनीति पर चर्चा के लिए यह बैठक बुलाई गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी दल एकजुट हैं। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के साथ नाश्ते पर ऐसे समय बैठक की है जब पेगासस और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर पिछले कई दिनों से संसद के दोनों सदनों में गतिरोध बना हुआ है। 19 जुलाई से मॉनसून सत्र आरंभ हुआ था। लेकिन, अब तक दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही है। विपक्षी दलों का कहना है कि पेगासस जासूसी मुद्दे पर पहले चर्चा कराने के लिए सरकार के तैयार होने के बाद ही संसद में गतिरोध खत्म होगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष की मांग को खारिज करते हुए शुक्रवार को लोकसभा में कहा था कि यह कोई मुद्दा ही नहीं है। राहुल गांधी के साइकिल मार्च में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, कार्ति चिदंबरम, गौरव गोगोई समेत अन्य नेता इस मार्च में दिखाई दिए। बता दें कि संसद में पेगासस जासूसी कांड, महंगाई समेत अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी दलों के सांसदों का हंगामा लगातार जारी है। विपक्ष सरकार से इन मुद्दों पर जवाब की मांग कर रहा है, सरकार विपक्ष की मांगों को बेबुनियाद बता रही है। सरकार का कहना है कि संसद नहीं चलने देने से विपक्ष लोकतंत्र और जनता का अपमान कर रहा है।

## दरिया में बही सेना की नाव पाकिस्तान पहुंची जवानों ने पानी में छलांग लगाकर बचाई जान



जम्मू। जम्मू के सीमावर्ती अखनूर इलाके में सेना की नाव दरिया चिनाब में बहते हुए सीमापार पाकिस्तान पहुंच गई। इस नाव पर सेना के पांच जवान सवार थे जिन्होंने दरिया के उफान के बीच गोते खा रही नाव से छलांग किसी तरह किनारे पहुंचे और अपनी जान बचाई। यह हादसा सोमवार देर शाम को अखनूर के परगवाल इलाके में सीमा से सटे गांव हमीरपुर कोना में पेश आया। यहां पर सेना की 237 इंजीनियरिंग के जवान दरिया चिनाब में नाव को लेकर अभ्यास कर रहे थे कि अचानक नाव पानी में गोते खाने लगी। पिछले कुछ दिनों से बारिश के चलते दरिया चिनाब में जलस्तर भी काफी बढ़ चुका है और पानी भी उफान के साथ बह रहा है। उधर जब नाव पानी में गोते खाने लगी तो पहले जवानों ने उस पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया लेकिन तेज पानी में नाव भी तेजी से आगे बढ़ती जा रही थी। जिस जगह जवान अभ्यास कर रहे थे, उससे कुछ ही दूरी पर भारतीय सीमा समाप्त हो जाती है जबकि पाकिस्तानी सीमा शुरू हो जाती है। ऐसे में जवानों ने नाव को छोड़ कर दरिया में कूदना ही बेहतर समझा। अगर वे कुछ देर और नाव में रहते थे तो वे भी उसी के साथ पाकिस्तानी इलाके में प्रवेश कर जाते जो उनके लिए परेशानी का कारण बन सकता था। जवानों ने दरिया में छलांग लगा दी और किसी तरह से वे दरिया किनारे पहुंचे गए। उधर इस मामले के पेश आने के बाद सेना के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार सेना की ओर से दूसरी ओर पाकिस्तान को नाव के बहकर वहां पहुंचने की जानकारी दे दी गई है। नाव से कूदे सभी जवान पूरी तरह से सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

### गंगोत्री नेशनल हाइवे पर चुंगी बड़ेथी के पास भारी भूस्खलन, एहतियातन यातायात रोका गया

उत्तरकाशी। उत्तराखंड में इनदिनों मौसम के तेवर कुछ तल्ख बने हुए हैं। बारिश के चलते यहां जगह-जगह भूस्खलन और यातायात बाधित होने की घटनाएं सामने आ रही है। आज गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुंगी-बड़ेथी के पास बने भूस्खलन जोन पर भागीरथी नदी की साइड भारी भूस्खलन हुआ है। इसके चलते यहां एहतियातन यातायात रोक दिया गया है।

बता दें कि गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुंगी बडेथी के पास वर्ष 2010 से भूस्खलन जोन बना हुआ है। बरसात में यहां अक्सर यातायात बाधित रहता है। वर्ष 2017 में राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआइडीसीएल) ने इस भूस्खलन जोन का ट्रीटमेंट कार्य शुरू किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिल पाई। फिर रोड प्रोटेक्शन गैलरी का निर्माण शुरू हुआ, लेकिन मंगलवार दोपहर को अचानक रोड प्रोटेक्शन गैलरी से नदी की साइड भूस्खलन होने लगा, जिससे यातायात बाधित हो गया। इस जगह रुक रुक कर लगातार भूस्खलन हो रहा है, जिसके चलते कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जिले में लगातार भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिले में शनिवार रात और रविवार पूरे दिन ज्ञानसू के सामने मनेरा बाईपास की पहाड़ी से भूस्खलन हुआ। इसके कारण बाईपास मार्ग भी बाधित हुआ। ज्ञानसू निवासी राजपाल बिष्ट ने कहा कि रात में पत्थर गिरने की आवाज से कई लोग रातभर जागे रहे। रात के समय पत्थर गिरने और टकराने से चिगारी भी निकल रही थी, जो बेहद डरावना था। भले सतर्कता दिखाते हुए जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने इस मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से यातायात रोक दिया है, लेकिन सुबह के समय मनेरा बाईपास पर टहलने वालों और खच्चर वालों पर अभी प्रतिबंध नहीं लगा।

## बाढ़ के कारण अलर्ट मोड में काम कर रहा रेलवे, जरूरी होने पर रद या डायवर्ट होती हैं ट्रेनें



नई दिल्ली। मानसून की बारिश के साथ ही गंगा और इसकी सहायक नदियों में जलस्तर बढ़ गया है। इस क्रम में रेलवे पूरे अलर्ट मोड में काम कर रहा है। जरूरत होने पर ट्रेनों को डायवर्ट किया जाता है या फिर इन्हें रद कर दिया जाता है। मंगलवार को भी 28 ट्रेनों को आंशिक तौर पर रद किया गया है। इस समय ट्रेन का सफर कर रहे हो तो पहले भारतीय रेलवे की वेबसाइट पर हालात का जायजा लेना सही होगा।

नेपाल से सटे बिहार में गंगा व कोसी नदी का जलस्तर भी उफान पर है। राज्य के कई इलाकों में रेलवे ट्रैक के पास बाढ़ का पानी पहुंच गया। इसे देखते हुए रेलवे की ओर से लगातार एहतियात बरतते हुए ट्रेनों को रद करने, डायवर्ट करने जैसे जरूरी कदम उठाए गए। मानसून के दौरान भारी बारिश और बाढ़ के कारण पूर्व मध्य रेल 12 मई से 15 अक्टूबर तक अलर्ट मोड में है। साथ ही रेलवे ट्रैक के आस-पास जल जमाव से बचने के लिए समुचित इंतजाम किए गए हैं और लगातार इसकी मॉनिटरिंग भी हो रही है। दरअसल मानसून की भारी बारिश के कारण बिहार के कई जिलों में नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है और बाढ़ के कारण कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। बाढ़ की हालात से बचाव के लिए की गई तैयारियों के तहत पूर्व मध्य रेल द्वारा चयनित स्टेशनों पर पत्थरों के बोल्डर, स्टोन डस्ट, सीमेंट की खाली बोरियां, बांस-बल्ली आदि पर्याप्त मात्रा में तैयार रखे गए हैं। सभी कल्वर्ट की सफाई के साथ रेल पुलों पर बारिश के पानी को मापने के लिए 'डेंजर लेवल' चिन्हित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले माह हावड़ा और कोलकाता में भारी बारिश के कारण भीषण जलजमाव की वजह से ट्रेनों के परिचालन पर बुरा असर पड़ा और कई ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा। भारी बारिश के कारण बिहार के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति है। इसके कारण अधिकांश रेलमार्गों में भी बदलाव किया गया है।

## दिल्ली में विधायकों की बल्ले-बल्लेः अब हर माह 54 के बदले मिलेगा 90 हजार रुपये वेतन



नई दिल्ली। दिल्ली कैबिनेट ने केंद्र सरकार के प्रस्ताव के अनुसार विधायकों के वेतन वृद्धि को मंजूरी दे दी। दिल्ली के विधायकों को अब 30 हजार रुपये प्रति माह वेतन मिलेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। फिलहाल दिल्ली के एक विधायक को 54 हजार रुपये महीने मिलते हैं। इसमें वेतन के रूप में 12 हजार रुपये शामिल है और बाकी भत्ते हैं। इसके अलावा, उन्हें दो स्टाफ सदस्यों को भुगतान करने के लिए 30 हजार रुपये प्रति माह मिलते हैं, जिन्हें वे काम पर रख सकते हैं। अब विधायक 90 हजार रुपये प्रति माह पाने के हकदार होंगे। जिसमें वेतन के रूप में 30 हजार शामिल है और भत्ते के रूप में 60 हजार रुपये मिलेंगे। केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था, जिसमें दिल्ली के विधायकों का वेतन बढ़ाकर अन्य राज्यों के विधायकों के बराबर करने की बात कही गई थी। केजरीवाल सरकार ने दिसंबर 2015 में दिल्ली विधानसभा में एक बिल पास कराया था, जिसमें विधायकों का वेतन बढ़ाकर 2.10 लाख रुपये प्रति माह करने का प्रावधान था।

## तेजी से बढ़ रहा है धरती का तापमान, सोलर रेडियो सिग्नल से की जा सकेगी बर्फ के पिघलने की निगरानी

वाशिंगटन। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियरों की बर्फ पिघल रही है, जिसके चलते समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। दुनियाभर के विज्ञानी इस बदलाव पर निरंतर नजर रखे हुए हैं। अब इस कार्य में कुछ आसानी हो सकेगी। दरअसल, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने एक नए तरीके की तलाश की है, जिसकी मदद से बर्फ की परतों की निगरानी की जा सकेगी। इसके लिए विज्ञानियों ने सोलर रेडियो सिग्नल का प्रयोग किया है, जो वर्तमान में मौजूद तरीकों की तुलना में सस्ता और कम ऊर्जा की खपत करने वाला है। इसके जरिये पता लगाया जा सकेगा कि किस तेजी से बर्फ पिघल रही है और उससे समुद्र के जलस्तर में कितना इजाफा होगा।

सूर्य विद्युत चुंबकीय अवस्था का एक कठिन स्रोत प्रदान करता है। गैसों की विशाल गेंदों के जरिये रेडियो आवृत्तियों के व्यापक स्पेक्ट्रम पृथ्वी पर आते हैं। इस प्रक्रिया में विज्ञानियों ने एक शक्तिशाली टूल बनाने का तरीका खोजा है, जिसके जरिये बर्फ और धरती के ध्रुवों पर होने वाले बदलावों की निगरानी की जा सकेगी। इस तकनीक के बारे में जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स नामक जर्नल में विस्तार से बताया गया है। शोधकताओं के मुताबिक, वर्तमान में जिस तकनीक का प्रयोग उपरोक्त चीजों का डाटा एकत्र करने के किया जाता है उसकी तुलना में यह तरीका कम खर्चीला, कम ऊर्जा की खपत करने वाला व



ज्यादा व्यापक है। इसके जरिये न केवल बर्फ की चादरों और ग्लेशियरों के पिघलने की व्यापक निगरानी की जा सकेगी, बल्कि समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण का पता अधिक सटीकता से लगाया जा सकेगा। ग्लेशियोलॉजिस्ट और इलेक्टिकल इंजीनियरों की टीम ने अपने अध्ययन के माध्यम से दिखाया कि कैसे सूर्य द्वारा कुदरती रूप से उत्सर्जित रेडियो सिग्नल बर्फ की चादरों की गहराई को नापने के लिए एक निष्क्रिय रडार प्रणाली में बदले जा सकते हैं। टीम के सदस्यों ने ग्रीनलैंड के ग्लेशियर में इसका सफल परीक्षण किया। वर्तमान में ध्रुवीय उपसतह के बारे में व्यापक जानकारी एकत्र करने के लिए एयरबोर्न आइस-पेनेट्रेटिंग रडार का प्रयोग किया जाता है। इसमें हवाई जहाज प्रयोग किए जाते हैं, जिनसे बर्फ की सतह पर रडार सिग्नल प्रेषित किए जाते हैं। हालांकि, इस तरीके से केवल उस समय की ही जानकारी मिल पाती है, जिस वक्त हवाई जहाज सिग्नल प्रेषित करता है। वहीं, शोधकताओं द्वारा तलाशे गए नए तरीके से बर्फ के पिघलने की व्यापक जानकारी एकत्र की जा सकती है, क्योंकि सूर्य से रेडियो तरंगें निरंतर ही पृथ्वी पर आती रहती हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो इस नए तरीके की मदद से बर्फ के पिघलने की दर का पता लगाने के लिए हवाई जहाज को उड़ने और उससे रडार सिग्नल भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सूर्य से धरती पर निरंतर प्रेषित की जा रहीं तरंगों के जरिये ही बर्फ की घटती ऊंचाई का पता लगाया जा सकेगा।

## मध्यप्रदेशः शिवराज सरकार का बड़ा फैसला, अब जहरीली शराब बेचने वाले को होगी फांसी या उम्रकैद



भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार ने जहरीली शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त फैसला लिया है। इसके तहत सरकार ने मंगलवार को अधिकतम 10 साल की सजा को बढ़ाकर आजीवन कारावास या फांसी देने वाले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में संशोधित विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इसमें जहरीली शराब से मृत्यु होने की स्थिति में आरोपित को उम्रकैद से लेकर फांसी तक की सजा हो सकेगी वहीं जुमार्ने की राशि को भी 25 लाख रुपये किया गया है। वहीं अवैध शराब की बिक्री को पकड़ने के लिए जाने वाले आबकारी की टीम या अन्य जांच दल पर हमला करने के मामले में अब तीन साल तक की सजा हो सकेगी। अगर मिलावटी शराब पीने से किसी की मृत्यु हो जाए तो पहली बार आरोपित को 10 साल से लेकर उम्रकैद की सजा हो सकेगी। दूसरी बार या फिर से जुर्म को दोहराने पर आरोपितों को मृत्युदंड की सजा हो सकती है। वहीं शराब में मिलावट करने पर जुमार्ना राशि तीस हजार रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये तक कर दी गई है। बता दें कि पहले मिलावट पर 300 रुपये से लेकर 2000 रुपये का मामूली जुमार्ना था।

## चिंतन मनन

# तालिबान का संकट

अफगानिस्तान के कंधार एयरपोर्ट पर रॉकेट से हमला हुआ। एयरपोर्ट पर तीन रॉकेट दागे गए। इनमें से 2 रनवे पर गिरे और ब्लास्ट हो गए। शनिवार देर रात हुए इस हमले में किसी की जान जाने की खबर नहीं है। हमले के बाद सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। हमले के पीछे तालिबान का हाथ माना जा रहा है, क्योंकि ये हमला ऐसे समय हुआ है, जब तालिबान के लड़ाकों ने हेरात, लश्कर गाह और कंधार को चारों तरफ से घेर रखा है। फिलहाल कंधार में उनकी अफगान सुरक्षाबलों के साथ जंग जारी है। कंधार अफगानिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। यहां के हवाई अड्डे का उपयोग अफगानिस्तान की सेना को हथियार और रसद भेजने में भी किया जाता है। इसलिए तालिबान इस एयरपोर्ट पर कब्जा कर अफगान सेना को मिलने वाली मदद को रोकना चाहता है। पिछले 2-3 हफ्तों में तालिबान ने इस इलाके में हमले बढ़ा दिए हैं। अफगानिस्तान नेशनल डिफेंस सिक्योरिटी फोर्स ने अमेरिका की मदद से तालिबानियों के कब्जे वाले कई गांव खाली करा लिए हैं। फोर्सेज के एक्शन के बाद ये साफ हो गया है कि तालिबानियों की हिंसा में पाकिस्तानी लड़ाके भी बराबरी से शामिल हैं। मुठभेड़ के दौरान ऐसे कई लड़ाकों को अफगानी फोर्सेज ने मार गिराया है, जो पाकिस्तानी सेना में अफसर हैं। इनके पास से पाकिस्तानी आईकार्ड भी मिले हैं। यहां पर तालिबान के लड़ाके घुस चुके हैं और सुरक्षाबलों के साथ लगातार जंग लड़ रहे हैं। युद्ध की वजह से अभी तक कंधार से हजारों लोग विस्थापित हो चुके हैं। इन लोगों ने पाकिस्तान और ईरान जैसे देशों में जाकर शरण ली है। पाकिस्तानी संगठन अफगानिस्तान पर तालिबान की बढ़ती पकड़ का फायदा उठाने की फिराक में हैं। जो भी हो अभी तो अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने अफगानिस्तान को अधर में छोड़ दिया है। उसके और नाटो देशों की सैनिकों की वापसी जारी है। इस बीच अफगानिस्तान में घट रही घटनाएं अफगानी जनता के साथ-साथ एशियाई मुल्कों को भी परेशान कर रही हैं। विदेशी सैनिकों की वापसी के साथ ही तालिबान ने हमले तेज कर दिए हैं। कई इलाकों को अफगान सेना से छीन लिया है। इससे तालिबान की रणनीति अब स्पष्ट हो गई है। तालिबान ने काफी चालाकी से दोहा शांति वार्ता को धीमा रखा था। वह अमेरिकी सैनिकों की वापसी का इंतजार कर रहा था। दोहा में बातचीत अभी रुकी हुई है। पर तालिबान की इस बढ़ती ताकत से पाकिस्तान खुश है। हालांकि चीन और ईरान परेशान हैं। इसीलिए अफगानिस्तान की शांति प्रक्रिया में ईरान और चीन सक्रिय हो गए हैं क्योंकि दोनों मुल्कों को अलग-अलग कारणों से पाकिस्तान नियंत्रित तालिबान पर भरोसा नहीं है। अफगानिस्तान के मौजूदा हालात 2001 से अलग हैं। बीस साल पहले अफगानिस्तान में अमेरिका और सहयोगी नाटो देशों का जो जोश देखते बनते था, वह हताशा में बदल चुका है। अफगानिस्तान में दो दशक से फंसे अमेरिका की स्थिति हर तरह से कमजोर हो गई है। दो दशकों में बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक मारे गए। अफगानिस्तान के अभियान पर अब तक के सैन्य खर्च ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचाया। अमेरिका यह अच्छी तरह से समझ चुका है कि अफगानिस्तान की जमीन पर भी उसका वही हाल हो रहा है जो वियतनाम और इराक में हुआ। और आखिरकार इन देशों से भी उसे अपना बोरिया-बिस्तर समेटना ही पड़ा। इसीलिए अमेरिका अफगानिस्तान से बच कर भाग निकला। आज अफगान सरकार लाचार नजर आ रही है। अफगान फौज कमजोर पड़ चुकी है। अब तक उसे अमेरिकी सैनिकों की ओर से ताकत मिली हुई थी। अत्याधुनिक हथियार थे और साथ ही अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी से मनोबल भी बना हुआ था। यह मनोबल अब टूट चुका है। तालिबान के खिलाफ लड़ने के बजाय अफगान सैनिक जान बचाने के लिए दूसरे देशों में भाग रहे हैं या फिर तालिबान के साथ ही मिल जा रहे हैं। इससे तालिबान लड़ाकों की ताकत बढ़ रही है। तालिबान का दावा है कि उसने देश के एक तिहाई जिलों पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया है। इसलिए अब आने वाले दिनों में तालिबान और अफगान सैनिकों के बीच जंग और तेज होगी। इस खतरे से कोई इनकार नहीं करेगा कि अब तालिबान के आत्मघाती हमले बढ़ेंगे और इस हिंसा में बड़ी संख्या में निर्दोष नागरिक मारे जाएंगे।

## जोर-शोर से जुट रहे !



शिष्टाचार भेंट और ।
चर्चा चाय वाली ।।
पकेगी अब कुछ दिनों ।
ख्याल जो पुलावी ।।
है मंथन का हक ।
और लाना विचार ।।
जोर-शोर से जुट रहे ।
हो जाए प्रचार ।।
कर के रहेंगे दूसरे का ।
अब तो डब्बा गुल ।।
काम हो गया चालू ।
अपना जो उसूल ।।
चेहरा करिश्माई जो ।
है सबको तलाश ।।
कोशिश ऐसी हो रही ।
बने हम ही खास ।।

-कृष्णेन्द्र राय

# इतिहासों में दर्ज है, रानी तेरा नाम

1857 की क्रांति महाकौशल तक फैल चुकी थी। गढ़ा मंडला के शासक शंकर शाह ने विद्रोह के लिए विजयादशमी का दिन निश्चित किया। पूरे महाकौशल में विद्रोह फैलने लगा और गुप्त सभाओं और प्रसाद की पूड़ियों का वितरण चलता रहा । 18 सितम्बर को अंग्रेजों ने गोंड राजा शंकर शाह शाह और उनके पुत्र राजकुमार रघुनाथ शाह को जबलपुर में अलग-अलग तोपों से बांधकर उड़ा दिया। इसका राजाओं और जमीदारों ने व्यापक विरोध किया। विद्रोह में शहपुरा के लोधी जागीरदार विजय सिंह और मुकास के खुमान सिंह गोंड , हीरापुर के मेहरबान सिंह लोधी एवं देवी सिंह शाहपुर के मालगुजार ठाकुर जगत सिंह, एवं सुकरी-बरगी के ठाकुर बहादुर सिंह लोधी शामिल थे। इनके अतिरिक्त विजयराघवगढ़ के राजा सरयू प्रसाद, कोठी निगवानी के ताल्लुकदार बलभद्र सिंह, सोहागपुर के जागीरदार गरूल सिंह विद्रोह में शामिल हुये। रामगढ के सेनापति ने भुआ बिछिया थाने पर चढाई कर दी और उसे अपने कब्जे में ले लिया। रानी अवन्तीबाई के सिपाहियों ने घुघरी पर कब्जा कर लिया। विद्रोहियों ने मंडला नारायणगंज मार्ग को बंद कर दिया जिससे जबलपुर से आने वाली अंग्रजों की टुकड़ी का मार्ग बंद हो गया और इस प्रकार विद्रोह पुरे मंडला और रामगढ में फैल गया। अंग्रेज डिप्टी कमिश्नर वाडिंग्टन इस विद्रोह को दबाने में असफल रहा। इस समय तक मंडला नगर को छोड़कर पूरा जिला अंग्रेजों से मुक्त हो चुका था। 23 नवम्बर 1857 को मंडला के पास ग्राम खैरी के में अंग्रेजों और रानी अवन्तीबाई के बीच युद्ध हुआ जिसमें शाहपुरा और मुकास के जमीदारों ने रानी का सांथ दिया। इस युद्ध में मंडला का अंग्रेज डिप्टी कमिश्नर वाडिंग्टन पूरी शक्ति लगाने के बाद भी कुछ ना कर सका और मंडला छोड़ सिवनी भाग गया इस प्रकार पूरा मंडला और रामगढ़ स्वतंत्र हो गया। इस प्रकार पूरा मंडला जिला और रामगढ़ राज्य स्वतंत्र हो गया। अंग्रेज अपनी हार से बौखलाए हुये थे और अपनी हार का बदला लेना चाहते थे। अंग्रेज लगातार अपनी शक्ति सहेजते रहे अंग्रेजों ने 15 जनवरी 1858 को घुघरी पर नियंत्रण कर लिया और मार्च 1858 के दूसरे सप्ताह में रीवा नरेश की सहायता से रामगढ को घेर लिया और रामगढ़ पर हमला बोल दिया । वीरांगना रानी अवन्तीबाई की सेना जो अंग्रेजों की सेना की तुलना में बहुत छोटी थी फिर भी साहस पूर्वक अंग्रेजों का सामना किया। रानी ने परिस्थितियों को भांपते हुये अपने किले से निकलकर डिंडोरी के पास देवहारगढ़ की पहडियों की ओर प्रस्थान किया।

अंगेजों की सेना रानी अवन्ती बाई का पता लगाते हुये देवहारगढ़ की पहडियों तक पहुँच गई। यहां वीरांगना रानी अवन्ती बाई पहले से ही मोर्चा लगाये बैठी थीं। 20 मार्च 1858 को रानी अवन्ती बाई ने शाहपुर के पास स्थित तालाब के पास बने मंदिर में पूजा अर्चना की और युद्ध मैदान में उतर गईं। यहां अंग्रेजों और रानी के बीच घमासान युद्ध हुआ। रानी अवन्ती बाई ने अपने आप को अंग्रेजों से घिरता देख वीरांगना रानी दुर्गावती का अनुकरण करते हुए अपनी तलवार निकाली और कहा हमारी दुर्गावती ने जीते जी बैरी के नापाक हाथ उनके अंग ना छुएं,आत्मोत्सर्ग करने का प्रण लिया था,इसे हमें कभी नहीं भूलना है",इतना कहकर रानी ने अपने सीने में कटार मारकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दे दिया । वीरांगना रानी अवंती बाई जब मृत्यु शैय्या पर थीं, तब उन्होंने अंगेजों को अपना बयान दिया कि " ग्रामीण क्षेत्र लोगों को मैंने ही विद्रोह के लिए भड़काया -उकसाया था , प्रजा बिलकुल निर्दोष है "। इस प्रकार रानी ने हजारों लोगों को अंग्रेजों द्वारा दी जाने वाली यातनाओं से बचा लिया। इसके बाद इस क्षेत्र से आन्दोलन को दबा दिया गया और रामगढ भी अंग्रेजों के आधीन आ गया। डिन्डोरी जिले के शाहपुर कस्बे के नजदीक ग्राम बालपुर में वीरांगना रानी अवन्तीबाई ने लड़ते-लड़ते अपने सीने में खंजर उतारा था। इस स्थान को बलिदान स्थल के रूप में सुरक्षित किया गया है। यंहा प्रतिवर्ष रानी अवन्ती बाई का बलिदान दिवस मनाया जाता है। बालपुर से रानी के सैनिक घायल अवस्था में रानी अवन्ती बाई को रामगढ़ ले जा रहे थे तभी सूखी तलैया नामक स्थान पर रानी का स्वर्गवास हो गया।सूखी तलैया नामक स्थान बालपुर और रामगढ के बीच पड़ता है। रानी अवन्ती बाई के वीरगति को प्राप्त हो जाने के बाद उनके पार्थिव शरीर को रामगढ लाया गया।रामगढ में ही रानी अवन्ती बाई की समाधि बनाई गई। रानी अवन्ती बाई की समाधि देखरेख के अभाव में अब बहुत ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। रामगढ़ पहले मंडला जिले केअंतर्गत आता था परन्तु मंडला जिले से डिंडोरी जिला अलग होने के पश्चात रामगढ डिंडोरी जिले के अंतर्गत आने लगा है। रामगर डिंडोरी से 23 किलोमीटर दूर अमरपुर विकास खंड से 1 किलोमीटर दूर है।रानी अवन्ती बाई की याद में जबलपुर में पवित्र नर्मदा नदी पर बने बरगी डेम का नाम रानी अवन्ती बाई के नाम पर रखा गया। इसी डेम में रानी अवन्ती बाई का जन्म स्थान ग्राम मनकेहणी डूब क्षेत्र में आ गया है।देश के लिये अपने प्राणों का बलिदान देने बाली वीरांगना रानी अवन्ती बाई लोधी को हमारा शत शत नमन।

"रानी तुम तो हो अमर,तुम से हम आबाद।

तुम ने हमको कर दिया,अपने युग आजाद।।"

# प्रताड़ित हो रहे वित्तविहीन शिक्षक, खामोश है संगठन

आखिरकार सत्ता पक्ष की तानशाही ने देश के सबसे बुद्धजीवी वर्ग शिक्षको को भी प्रभावित कर दिया । वर्तमान मामला वित्तविहीन शिक्षकों के वेतन का है, जिसमें राज्य सरकार जब फंसती नजर आई तो उसने समान कार्य समान वेतन वाले मुद्दे पर सरकार पर कोर्ट ऑफ कंटेंप्ट करने वाले शिक्षक को ही उल्टे फंसा दिया । वर्तमान समय में वित्तविहीन महविद्यालयों में पढ़ाने वाले सभी शिक्षक एक सम्मान की ओर देख रहे किंतु राज्य सरकारें लगातार इन्हे अनदेखी कर रही । राज्य सरकार के एक मंत्री का नाम इस मुद्दे में बड़े जोर शोर से उछला है ,जिसकी चर्चा और निंदा पूरे प्रदेश में हो रही । वर्तमान सरकार के मंत्रियों को चुनाव की कोई फिक्र नहीं क्योंकि ये मंत्री खुद ऐसे मुद्दों में हस्तक्षेप करके अपने पैरो पर कुल्हाड़ी मार रहे । पूरे मुद्दे पर गौर करें तो ,शिक्षक हितैषी होने का प्रपंच करने वाली वर्तमान सरकार व सुखी मन शिक्षक का पाखंडी गीत गाने वाले उच्च शिक्षा मंत्री का शिक्षक विरोधी घिनौना खेल धीरे धीरे सामने आ रहा , समान कार्य समान वेतन मुद्दा अभी माननीय हाईकोर्ट में विचाराधीन है मामला, 03 अगस्त 2021 को निर्धारित है कन्टेम्ट आंफ कोर्ट की सुनवाई थी फिर भी सरकार के दबाव में एक विश्वविद्यालय ने स्ववित्तपोषित शिक्षकों के साथ घिनौना कृत्य किया । प्रदेश सरकार के मंशानुरूप उच्च शिक्षा मंत्री व उच्च शिक्षा विभाग , कुलपति व कुलसचिव विश्वविद्यालय और महाविद्यालय प्रबन्धन की मिली भगत से अपने हक के लिए हाईकोर्ट में लड़ने वाले शिक्षक डॉ नीरज श्रीवास्तव का विषय ही समाप्त कर दिया गया। जबकि अभी डॉ नीरज श्रीवास्तव का मामला माननीय हाईकोर्ट में विचाराधीन है और 03 अगस्त 2021 को सुनवाई की तिथि निर्धारित है। ये सब इसलिए हुआ है कि माननीय हाईकोर्ट के आदेश दिनांक 01.03.2013 के अनानुपालन पर डॉ नीरज श्रीवास्तव द्वारा दायर कन्टेम्ट आंफ कोर्ट याचिका संख्या,2604/2018 में सरकार व उच्च शिक्षा विभाग इस कदर फंस चुका है कि अनुदानित महाविद्यालयों के स्ववित्तपोषित शिक्षकों को यूजीसी वेतनमान देने व माननीय हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन करने के बजाय मुकदमा लड़ रहे स्ववित्तपोषित शिक्षक का विषय ही समाप्त कर दिया गया। ताकि न रहे बांस और न बजे बांसुरी !

**– पंकज कुमार मिश्रा एडिटोरियल कॉलमिस्ट व शिक्षक**

# चिपळूण (महाराष्ट्र) के बाढ पीडितों के लिए हिन्दू जनजागृति समिति, सनातन संस्था और स्थानीय संगठनों द्वारा सहायता अभियान !

अतिवर्षा के कारण महाराष्ट्र राज्य के रत्नागिरी जिले के चिपळूण तहसील में आई बाढ के कारण शहर और ग्रामीण क्षेत्र के कुछ भाग अधिक क्षतिग्रस्त हुए हैं । अनेक घरों में पानी घुसने के कारण जीवन उपयोगी सामग्री खराब हो गई है । ऐसे में सामाजिक कर्त्तव्य की दृष्टि से बाढ पीडितों को सहायता मिले; इसलिए हिन्दू जनजागृति समिति, सनातन संस्था और स्थानीय संस्था-संगठनों द्वारा चिपळूण के बाढ पीडितों में अनाज का वितरण किया गया । अब तक 2,302 लोगों में अनाज वितरण किया गया है, जिसमें तेल, चावल, आटा, मसाले, प्याज, आलू, मोमबत्ती, माचिस इत्यादि का समावेश है । चिपळूण शहर के मुरादपुर भोईवाडी, मुरादपुर साई मंदिर विभाग, शंकरवाडी, साथ ही ग्रामीण भाग के दादर, कादवड इन क्षेत्रों में 2 स्थानों पर पुल ढहने से वहां सहायता पहुंचने में बाधा निर्माण हुई थी । इसलिए वैकल्पिक मार्ग से सहायता पहुंचाई गई । साथ ही भूस्खलन के कारण विस्थापित हुए ओवळी (सुकीवलीवाडी), दादर, दादर कादवड में जिनके घर बह गए उनकी सहायता की गई । 28 जुलाई को सुसंस्कृत ग्रुप मिरजोळे, रत्नागिरी और श्रीनगर उत्सव मंडल, रत्नागिरी एवं हिन्दू जनजागृति समिति के संयुक्त तत्त्वाधान में क्रमशः दळवटणे बागवाडी और समर्थनगर सती में सामग्री वितरित की गई तथा 29 जुलाई को चिपळूण तहसील के मजरे काशी स्थित भुवडवाडी, साळुंखेवाडी, पेडणेकरवाडी और चिपळूण शहर के कुंभारवाडी इन भागों में बाढ पीडितों की सहायता की गई । बाढ पीडितों से प्रेमपूर्वक हालचाल पूछकर उन्हें सांत्वना दी गई ।

# उत्तर प्रदेश में चुनाव पूर्व होते 'अवसरवाद की पराकाष्ठा' के परीक्षण

उत्तर प्रदेश विधानसभा में फरवरी -मार्च के दौरान विधानसभा के आम चुनाव होने प्रस्तावित हैं। 403 सदस्यों वाली उत्तर प्रदेश विधानसभा देश के सबसे बड़े राज्य की सबसे अधिक सदस्यों वाली विधान सभा तो है ही, साथ ही लोकसभा की 80 सीटें रखने वाला यह राज्य केंद्र में सरकार बनाने में भी अपनी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसी लिये अन्य राज्यों की तुलना में उत्तर प्रदेश के चुनाव व इसके परिणामों पर पूरे देश की नजरें टिकी रहती हैं। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार कोरोना संकट की घोर असफलता,बड़ी संख्या में ऑक्सीजन की कमी के चलते हुई मौतों,नदियों किनारे तैरती लाशों,कानून व्यवस्था की बदतर स्थिति ,बेरोजगारी,मंहगाई,किसान आंदोलन जैसे संकटों व इनके कारण जनता में उपजे रोष का सामना तो जरूर कर रही है परन्तु राज्य में विपक्षी दलों का एकजुट न होना योगी व भारतीय जनता पार्टी की सरकार के लिये सबसे बड़ी राहत का सबब है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव क्षेत्र वाराणसी से एक प्रकार से उत्तर प्रदेश में चुनावी शंखनाद कर दिया है। राज्य के मुख्यमंत्री,उप मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्री अपनी रणनीति के अनुसार अभी से चुनावी जनसभाएं करने लगे हैं। परन्तु विपक्षी दल अभी तक संगठित होने के बजाय एक दूसरे विपक्षी दल से ही बढ़त पाने की उल्टी सीधी व अवसरवादी रणनीतियाँ बनाने में मशगूल हैं।

मनुवाद और मनुस्मृति के विरुद्ध सबसे प्रखर आवाज बनने वाली बहुजन समाज पार्टी ने अपने दल के स्वभाविक विरोधी वर्ग से संबंध गांठने की अत्यंत अवसरवादी रणनीति तैय्यार की है। कल तक 'तिलक तराजू और तलवार -इनको मारो जूते चार' जैसा सामुदायिक स्तर पर नफरत फैलाने वाला नारा लगवाकर आज फिर दलित +ब्राह्मण एकता की दुहाई रही है। कल तक मंदिरों व देवी देवताओं की पूजा करने से दलित समाज को रोकने व स्वयं को जिंदा देवी बताकर अपने ही ऊपर चढ़ावा चढ़ाने की अपील करने वाली मायावती ने अपने खास सहयोगी सतीश मिश्रा को अयोध्या -काशी -मथुरा जैसी धर्मनगरियों सहित प्रदेश के अनेक जिलों में दलित ब्राह्मण सम्मलेन आयोजित करने का जिम्मा सौंपा है। इसमें अयोध्या का सम्मलेन जय श्री राम के नारों से शुरू होकर जय श्री राम के नारों पर संपन्न भी हो चुका है। मायावती ब्राह्मण व दलित मतों के गठजोड़ के बल पर उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने के सपने देख रही हैं। उन्हें विपक्षी एकता इसलिए मंजूर नहीं क्योंकि ऐसा करने से उनका मुख्यमंत्री पद का दावा खतरे में पड़ सकता है। और भाजपा सरकार रहे या न रहे कम से कम उन्हें मुख्यमंत्री पद से कम कुछ भी मंजूर नहीं। मायावती की यही ख़्वाहिश विपक्षी दलों की एकता के लिए भी हानिकारक है और भाजपा व योगी सरकार के लिए यही सुखद है। उधर मुख्यमंत्री पद के दूसरे प्रमुख दावेदार अखिलेश यादव जिनकी समाजवादी पार्टी कभी मुस्लिम+यादव समीकरण के बल पर प्रदेश में सरकार बनाने का सफल प्रयोग करती रही है वह भी मायावती की ही तरह ब्राह्मण मतों को लुभाने के लिए एक बड़ी राज्य व्यापी रणनीति बना रही है। यानि अखिलेश एक तीर से दो शिकार खेलने की तैयारी में हैं। एक तो मायावती के पक्ष में कम से कम ब्राह्मण मत पड़ सकें और कम सीटें आने की स्थिति में मायावती के मुख्यमंत्री पद के दावे में पलीता लग सके। दूसरे अखिलेश के पक्ष में ब्राह्मण मतों व सीटों की बढ़ौतरी हो ताकि वे मुख्यमंत्री पद के मजबूत दावेदार के रूप में उभर सकें। इसी रणनीति के तहत वे कांग्रेस जैसे बड़े दल से चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए तैयार नहीं क्योंकि कांग्रेस को ज्यादा सीटें देनी पड़ेंगी जबकि प्रदेश के छोटे क्षेत्रीय दल कम सीटों पर ही समझौते के लिए तैयार हो सकते हैं। यहां मायावती व अखिलेश यादव दोनों ही के साथ समान अवसरवादी सोच यह है कि दोनों ही खुलकर मुसलमानों के वोट चाह तो रहे हैं परन्तु मांगना नहीं चाह रहे। क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं कांग्रेस की ही तरह भाजपा उनपर भी मुस्लिम तुष्टीकरण की कालिख पोत कर उन्हें भी हिन्दू मतदाताओं के बीच अप्रासंगिक न कर दे। अन्यथा यदि अखिलेश वास्तव में मुस्लिम हितैषी थे अथवा हैं तो उन्हें असदुद्दीन ओवैसी के उस प्रस्ताव को स्वीकार करना चाहिये था कि समाजवादी पार्टी यदि मुस्लिम व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद देने का वादा करे तो एआईएमआईएम+ सपा गठबंधन हो सकता है। परन्तु जब सारा खेल ही मुख्यमंत्री पद और स्टेट प्लेन का है तो अखिलेश ऐसी 'हिमाकत' आखिर करें ही क्यों ?

राज्य में एक और अवसरवादी राजनैतिक परीक्षण असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम तथा उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र तक सिमटी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मध्य हुआ है। सुहैल देव हिन्दू अर्ध पौराणिक कथाओं के राजा बताये जाते हैं। सुहैल दे० की जाति को लेकर अभी तक स्पष्ट नहीं कि वे वास्तव में राजभर समुदाय से थे अथवा राजपूत। बहरहाल यह जरूर बताया जाता है कि बहराइच में सैय्यद सालार मसूद गाजी से उनका युद्ध हुआ था जिसमें मसूद गाजी मारे गये थे।

एक बड़े वर्ग का मानना है कि मसूद गाजी फकीर भी थे। लिहाजा सुहेलदेव से जंग में उनकी हत्या के बाद बहराइच में उनकी मजार स्थापित हुई। आज उसे शहीद हजरत सैय्यद सालार मसूद गाजी की दरगाह के नाम से जाना जाता है। यहाँ हर वर्ष जून में एक महीने से भी अधिक समय तक का विशाल मेला लगता है जिसमें लाखों की संख्या में गाजी बाबा के अनुयायी व श्रद्धालु दूर दराज से आते हैं। इन श्रद्धालुओं में मुस्लिम कम परन्तु हिन्दू श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होती है। पिछले दिनों जब ओवैसी ने बहराइच में अपने पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया उस समय वे इस दरगाह पर भी गये और अपना खिराज-ए-अकीदत पेश किया। परन्तु जिस सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने गठबंधन किया है उसका तो अस्तित्व ही सैय्यद सालार मसूद गाजी के विरोध पर आधारित है ? सुभासपा सैय्यद सालार मसूद गाजी को आक्रांता,लुटेरा,गजनवी का भांजा भतीजा और जाने क्या क्या बताती रही है। जबकि मसूद गाजी समर्थक हिन्दू व मुसलमान उन्हें महान संत व चमत्कारी फकीर बताते हैं। ऐसे में निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है कि एआईएमआईएम व सुभासपा का गठबंधन दो विपरीत ध्रुवों का गठबंधन है। संभव है कि उत्तर प्रदेश में चुनाव पूर्व अवसरवाद की पराकाष्ठा के इसी प्रकार के और भी परीक्षण देखने को मिलें।और इस तरह के अवसरवादी व अप्राकृतिक गठबंधनों के बावजूद यदि भाजपा सत्ता में वापसी करती है तो इसका श्रेय भाजपा की कारगुजारियों को नहीं बल्कि इसी अवसरवादी बिखरे विपक्ष को ही दिया जाएगा।

# अतिशय क्षेत्र जैन तीर्थ चांदखेड़ी

जमीन के अंदर बंद है असली मंदिर, उसमें विराजमान हैं रत्न जड़ित मूर्तियां, झालावाड़ से 35 किमी दूर चांदखेड़ी में एक प्राचीन जैन मंदिर है। इसमें एक हिस्सा जमीन के ऊपर और दूसरा अंडरग्राउंड है, लेकिन अंडरग्राउंड से भी नीचे इस मंदिर का एक असली हिस्सा है, जहां रत्नों की प्राण प्रतिष्ठित मूर्तियां हैं। न इस हिस्से में जाने का कोई रास्ता है और न ही उसमें जाने की कोई हिम्मत जुटा पाता है। कहते हैं, उन रत्नों की मूर्तियों की रक्षा भगवान करते हैं।

यहां वर्षों से जैन धर्म की कई पीढ़ियां पूजा-अर्चना कर रही थीं। उन्हें पता नहीं था कि जिस मंदिर में वे पूजा कर रहे हैं उसके नीचे ही जमीन के भीतर मंदिर का असली हिस्सा है, जिसके रास्ते बंद हैं। इसके ऊपर दो फ्लोर है। यहीं लोग पूजा अर्चना करते हैं।

**साल 2002 में हुआ खुलासा**

मंदिर के भक्तों का कहना है कि जैन मुनि सुधा सागर जी को एक दिन स्वप्न दिखा। स्वप्न में उन्होंने देखा कि जैन मंदिर के नीचे जमीन के भीतर एक मंदिर है जिसमें रत्नों की मूर्तियां हैं। उन्होंने मंदिर में जाकर प्रबंधक और जैन धर्म के लोगों को ये बात बताई। फिर नीचे से रास्ता तलाशा गया। नीचे का हिस्सा खुला और मंदिर के भीतर चमचमाती रत्न जड़ित मूर्तियां मिलीं। उन मूर्तियों को कुछ दिन तक बाहर दर्शन के लिए रखा गया। फिर वापस उन्हें उसी स्थान पर रखकर सभी रास्ते बंद कर दिए गए। इसके बाद लोगों को इस निचले



हिस्से के बारे में पता चला।

**मंदिर के पीछे एक कहानी**

इस मंदिर के बनने के पीछे एक कहानी प्रचलित है। कहते हैं कोटा दरबार के दीवान किशन दास मणिया को एक दिन रात में स्वप्न दिखा। सपने में उन्हें प्रभु ने बताया कि सामोद से 55 किमी दूर शेरगढ़ की पहाड़ी पर भगवान आदिनाथ की मूर्ति है। उसे ले आओ और मंदिर बनवाओ। वे अगले दिन शेरगढ़ की पहाड़ी पर गए। वहां एक मूर्ति मिली लेकिन वो साढ़े 6 फीट लंबी और 2 टन भारी थी। वे उस मूर्ति को बैलगाड़ी पर लेकर नहीं जा सकते थे। तभी आकाशवाणी हुई ड्ड.आप बैलगाड़ी पर बैठो। मूर्ति अपने-आप लद जाएगी। पीछे मुड़कर मत देखना नहीं तो ये मूर्ति वहीं अचल हो जाएगी। किशन दास बैलगाड़ी लेकर चले।

चांदखेड़ी के पास वे बैलों को पानी पिलाने के लिए उतरे। उनका मन नहीं माना और वे पीछे मुड़कर देखने लगे। वह मूर्ति जमीन पर दिखी और अचल हो गई। किशन मणिया को वहीं मंदिर बनवाना पड़ा। इसमें यह मूर्ति ग्राउंड फ्लोर के नीचे अंडरग्राउंड वाले हिस्से में है। इसके ऊपर वाले फ्लोर पर कई वेदियां और मूर्तियां हैं। ये मूर्तियां कहां से आईं हैं किसी को पता नहीं है। बड़ी मूर्ति के नीचे एक मंदिर है जिसमें रत्नों की मूर्तियां हैं। कहते हैं इस हिस्से की रक्षा खुद भगवान आदिनाथ करते हैं।

**17 सालों में बना यह मंदिर**

किशन दास मणिया ने इस मंदिर की नींव 1730 में रखी। ये मंदिर 17 सालों बाद बनकर तैयार हुआ। इसमें संतों और मुनियों के लिए संत शाला, निलय, आश्रम, नवीनतम पक्षालगृह, सिद्ध

परमेष्टि जिनालय, चौबीसी जिनालय के अलावा आकर्षक कुबेर द्वार है।

वर्ष २०२१ का चातुर्मास मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी ससंघ चांदखेड़ी में विराजमान हैं।

# फरेन्दा मे विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने जिपं सदस्य, प्रधान व बीडीसी को किया सम्मानित

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज । जिले के विकास खण्ड फरेन्दा परिसर में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक बजरंग बहादुर सिंह के नेतृत्व में नवनिर्वाचित जिलापंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान एवं बीडीसी सदस्यों का सम्मानित किया गया। समारोह में विधायक ने नवनिर्वाचित जिलापंचायत, क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधानों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने जनप्रतिनिधियों से गांव की समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि जनता का सेवक बनकर निष्काम भाव से सेवा करें मैं हमेशा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडा रहूंगा साथ ही सभी नवनिर्वाचित जिलापंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधानों को क्षेत्र में समुचित विकास कराने की बात कही। विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भरोसा दिलाया कि प्रयास करके सरकार से ग्राम सभाओं की निधि में बढ़ोत्तरी की मांग जाएगी, जिससे गांव का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाएं, जिससे दबे-कुचले लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। कार्यक्रम का संचालन डब्बू सिह ने किया। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत आनंदनगर के अध्यक्ष राजेश जायसवाल रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेका पांडेय ने किया। समारोह मे वरिष्ठ भाजपा नेता गणेश निषाद, प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रताप यादव, प्रधान संघ उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य परमानंद उर्फ कबाड़ी बाबा, ग्राम प्रधान रामप्रताप यादव, सर्वदानन्द मिश्र, महेन्द्र कुमार, उमेश गुप्ता, चन्द्रशेखर ,संतराम यादव , अभय कुमार ,लालदेव यादव, जयराम भारती, दिनेश यादव, इद्रजीत , अरविन्द यादव, राजू चौधरी, विनोद गुप्ता, नरेन्द्र यादव, ओमप्रकाश राय, अंबिका, जयप्रकाश प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



## प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना को सफल बनाने का दिया निर्देश




प्रखर जखनियां गाजीपुर। स्थानीय तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी सूरज कुमार यादव के नेतृत्व में तहसील के समस्त अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई ।जिसमें 5 अगस्त को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना के तहत प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों को निर्देशित करते हुए बताया गया कि 5 अगस्त को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान को सजाने के साथ सौ कुर्सियां रखना है। और एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री का संबोधन लोगों को सुनाना है। इसके बाद लोगों को प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना के तहत झोले में निशुल्क अनाज वितरण करना है ।इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि उपलब्ध रहेंगे। इस कार्यक्रम में पूर्ति अधिकारी अमित यादव, खंड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ,खंड शिक्षा अधिकारी सुनील सिंह, सीडीपीओ धनेश्वर कुमार सहित अन्य राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### अवैध शराब एवं तमंचे के साथ तस्कर गिरफ़्तार

प्रखर सेवराई गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गहमर कोतवाली पुलिस ने अवैध देशी शराब एवं तमंचे के साथ तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

## नगर में गंगा के जल स्तर में जारी है वृद्धि



प्रखर चुनार मिजार्पुर। इन दिनों गंगा के जल स्तर में वृद्धि जारी है मैदानी एवम पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश से गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है चुनार बालूघाट पर गंगा में यह वृद्धि साफ तौर पे देखी जा सकती है स्थानीय नाविकों की माने तो मैदानी और पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बारिश इसकी मुख्य वजह है साथ ही बांधों से जल छोड़े जाने को भी बड़ा कारण जल वृद्धि का माना जा रहा है एवम नाविकों के अनुसार एक से दो फीट प्रतिदिन जल वृद्धि हो रही है जलवृद्धि होने से चुनार बालूघाट स्थित साहित्य संत धाम घाट की सीढ़ियां डूब गई , गंगा आरती का स्थल भी परिवर्तित किया जा रहा है एवम स्थानीय नौका चालक भी अपनी नावों के प्लेटफॉर्म में लगातार जल वृद्धि होने से परिवर्तित करते जा रहे है ।

### पाण्डेयपुर चौराहे किया गया वृक्ष का वितरण पर्यावरण के लिए लोगों को किया जागरूक

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बहू बेटी कुटुंब फाउंडेशन व अखिल भारतीय वैश्य एकता संघ व्यापार मंडल पंचकोशी रोड नई बस्ती के तत्वाधान में पाण्डेयपुर चौराहे पर एक यातायात जागरूकता कार्यक्रम किया गया इसी क्रम में कई लोगों को वृक्ष का वितरण कर पर्यावरण के लिए लोगों को किया गया जागरूक। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बहू बेटी कुटुम्ब फाउंडेशन से श्रुति जैन, विशाल जैन ,अरुण वर्मा ,केशव गुप्ता, संजय बाबा ,विनय गुप्ता ,अखिल भारतीय कपूर चंद्र साह ,रोहित साह, व्यापार मंडल से राजीव वर्मा, राजेश गुप्ता सहित इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## अमित शाह और योगी के भोजन का प्रबंध कोणार्क ग्रैंड होटल के द्वारा

प्रखर मिजार्पुर। जनपद में जब भी विशिष्ट या अति विशिष्ट अतिथियों का आगमन होता है तब तब उनके स्वागत, भोजन ,नाश्ता का इंतजाम के लिए सिर्फ एक ही नाम कोणार्क ग्रैंड होटल का आता है ।कोणार्क ग्रैंड होटल के जनरल मैनेजर अनंत शाह ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों गृह मंत्री के अलावा विशिष्ट अतिथियों के स्वागत में महारत हासिल कर चुके कोणार्क ग्रैंड होटल अपने आप को भी गौरवान्वित महसूस करता है ।अनंत शाह ने बताया कि जनपद मिजार्पुर में भी विश्व स्तरीय स्वाद की व्यवस्था गुणवत्ता और भारत सरकार के द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नाश्ता और भोजन का प्रबंध कोणार्क ग्रैंड होटल कराता आ रहा है ।जनपद मिजार्पुर में कोणार्क ग्रैंड होटल के द्वारा न सिर्फ व्यक्तिगत मेहमानों का पूरा ख्याल रखा जाता है बल्कि राजकीय, राष्ट्रीय व शासकीय मेहमानों का भी ख्याल निर्धारित मानक के अनुरूप होटल करता रहता है। जनपद मिजार्पुर के कोणार्क ग्रैंड होटल के विशेष इंतजाम की चर्चा समूचे उत्तर प्रदेश में होती है ।होटल के जनरल मैनेजर ने बताया कि कोणार्क ग्रैंड होटल मेहमानों के स्वागत के लिए हर संभव प्रयास करती है ।कई संस्थानों जिसमें सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के तरफ से भी होटल को विशिष्ट अतिथियों के स्वागत के लिए पुरस्कृत हो चुका है ।कोविड-19 के गाइडलाइन के तहत भी होटल आए हुए मेहमानों का पूरा ख्याल रखता है ।अपने लजीज व्यंजन और मेहमानों के भरपूर विशेष स्वागत के लिए मशहूर कोणार्क ग्रैंड होटल में बार की भी सुविधा उपलब्ध होने से शौकीन लोगों के लिए पहली पसंद बताया जाता है।



## भगवान विश्वकर्मा का वोट के लिए राजनीतिकरण किए जाने से समाज में आक्रोश : अशोक विश्वकर्मा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने मंगलवार दोपहर अपने आवास पर पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि देवी देवताओं महापुरुषों तथा धर्म व जातीय के नाम पर राजनीति करने वाले दल भाजपा व सपा द्वारा चुनाव के मद्देनजर वोट के लिए लखनऊ और दिल्ली में विश्वकर्मा सम्मेलन आयोजित कर भगवान विश्वकर्मा का राजनीतीकरण करना समाज को धोखा देने वाला है। उन्होंने कहा भगवान विश्वकर्मा का वोट के लिए राजनीतिकरण किए जाने से समाज में गहरा आक्रोश है ।विश्वकर्मा पूजा पर्व 17 सितंबर को भाजपा व सपा के द्वारा प्रायोजित सम्मेलन वोट की राजनीति के लिए समाज को गुमराह कर बांटने और कमजोर करने का षड्यंत्र है। उन्होंने समाज को याद दिलाते हुए कहा कि यह वही लोग हैं जिन्होंने भगवान विश्वकर्मा को छोटे-छोटे श्रमिकों और मजदूरों का देवता बताया तथा लखनऊ में जाति सम्मेलन के दौरान महापुरुषों के समकक्ष उनकी तस्वीर लगाकर भगवान विश्वकर्मा का घोर अपमान किया तथा उन्हें महापुरुष बताकर विश्वकर्मा पूजा पर्व का घोषित अवकाश रद्द किया। उन्होंने कहा सपा ने समाज के विकास का वायदा करके इस समाज का वोट लेकर कई बार सरकार बनाया उसके बाद सारे वादे को भुला कर धोखा दिया तथा उनके जाति के लोगों द्वारा इस समाज का लगातार सर्वाधिक उत्पीड़न किया जाता रहा है। समाज से इनके छद्म रूप को पहचानने और सावधान रहने की जरूरत बताते हुए कहा कि दिल्ली में विश्वकर्मा सम्मेलन के नाम पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस समारोह आयोजित किया गया है ।उन्होंने कहा विश्कर्मा पूजा पर्व 17 सितंबर को समस्त विश्वकर्मा वंशी अपने अपने प्रतिष्ठानों घरों कस्बा गांव और नगर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं इसलिए राजनीतिक दलों द्वारा प्रायोजित इस तरह के सम्मेलनों में उनका जाना असंभव है। यह सम्मेलन पार्टी के कार्यकताओं का सम्मेलन है ।उन्होंने समाज को सावधान करते हुए कहा कि विश्वकर्मा पूजा के नाम पर आयोजित किया जाने वाला यह सम्मेलन व्यक्ति विशेष द्वारा अपने निजी राजनीतिक लाभ के लिए समाज को धोखा देने तथा गुमराह करने वाला वोट की राजनीति है। इस तरह के सम्मेलनों से विश्वकर्मा वंशियो का कोई सरोकार नहीं है।




### राज्य सड़क तालाब में तब्दील होने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार प्रदर्शन

प्रखर नरायनपुर मिजार्पुर। नरायनपुर वाया सोनभद्र की सड़क नरायनपुर रैलवे फाटक के पास बूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने से आम राहगीरों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है ग्राम प्रधान ने बताया कि आये दिन दो पहिया वाहन सवार गिर कर घायल हो जा रहे हैं। बसपा के वरिष्ठ नेता माता प्रसाद सिंह पटेल एडवोकेट ने बताया कि वाराणसी से नरायनपुर होते हुए सोनभद्र को जाने वाली पुरानी सड़क की स्थिति रेलवे फाटक नरायनपुर और सिकिया त्रिमुहानी के बीच में राजकीय मार्ग बड़ा तालाब में तब्दील हो गया है जिसे जनहित में तत्काल बनाया जाय जबकि संबंधित सभी उच्च अधिकारियों एवं शासन - प्रशासन से कई बार लिखित और मौखिक शिकायत की गई परन्तु अभी तक किसी भी अधिकारियों का आगमन नहीं हुआ है जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है प्रदर्शनकारियों में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ममता पटेल, पुर्व बी डी सी पिंटू विश्वकर्मा, अरूण तिवारी, मनोज पटेल,लालचंद सोनकर ग्रामप्रधान,मनोज साहनी, देवी अग्रहरी,राजू केशरी, मनोज भारती बी डी सी आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दो बच्चों की मां प्रेमी के संग नकदी जेवर के साथ फरार पति की नही सुनी जा रही फरियाद

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। महराजगंज सदर तहसील व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा पकड़ी नौनिया टोला धन्जा निवासी महेंद्र राजभर की पत्नी गीता देवी को बहला-फुसला कर जंगल दुधई उर्फ चेहरी के हरैया टोले का एक युवक अमरजीत पुत्र कृपाल बीते 16 जुलाई 2021 को दिन में 1:00 बजे लेकर फरार हो गया दिये गए तहरीर के अनुसार मामला पकड़ी नौनिया का है जिसमें चेहरी के हरैया टोले का एक युवक अनरजीत पुत्र कृपाल दो बच्चों की मां को बहला-फुसलाकर 16 जुलाई 2021 को अपने साथ लेकर फरार हो गया है। युवक शातिर किस्म का है जो कि अक्सर इस तरह के कृत्य में शामिल रहता है ।

उक्त युवती के पति ने मीडिया से बातचीत में बताया कि वह रोजी रोटी के लिए अक्सर लुधियाना पंजाब में रहता है जिसका फायदा उठाकर वह मेरी पत्नी को बहला फुसला लिया और अपने साथ लेकर चला गया । और मेरी पत्नी के साथ मेरे दोनों बच्चे भी विष्णु 11 वर्ष और देवा 7 वर्ष भी साथ गए हैं। मुझे डर है कि उक्त युवक मेरी पत्नी को अपने साथ रख कर किसी अनहोनी को अंजाम न दे डाले। और मेरी पत्नी के खाते में 71000 हैं और उसने अपने साथ सारा जेवर भी लिया हुआ है और अमरजीत का मोबाइल नंबर 86 9942 5944 है जिस पर मीडिया के लोगों ने संपर्क किया तो उसने बताया कि मैं इस समय पूना के कर्वे नगर में हूं और फिर किसी ने बात किया तो उसने बताया कि मैं गोविंदगढ़ मंडी लुधियाना में हूं हर बार हर किसी से भिन्न भिन्न लोकेशन की बात करता है ।महेंद्र ने बताया कि जब उपरोक्त की सूचना मुझे मिली तो मैं 25 जुलाई 2021 को पंजाब पंजाब से घर पहुंचा और उसी दिन कोतवाल सदर महराजगंज मनीष कुमार सिंह को तहरीर दिया । उन्होंने जल्द ही युवक को गिरफ्तार करने की बात कही परंतु आज 6 दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं किया । और मैं दर-दर भटकते हुए मीडिया के माध्यम से अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाना चाहता हूं मुझे मेरे बच्चों को सुपुर्द किया जाए और मुझे न्याय दिलाई जाए।

# समाज का सम्मान समाजवदी पार्टी ही करती है - पूर्व मंत्री विनोद सविता

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। नाई समाज का सम्मान शुरू से ही समाजवादी पार्टी करती चली आई। आज नाई समाज के पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य समाजवादी पार्टी ने अर्दली बाजार स्तिथ सपा महानगर कार्यालय पर पदाधिकारियों संघ बैठक कर प्रेस कांफ्रेंस करते हुए पूर्व मंत्री विनोद सविता ने कहा कि मै गरीब था राजनिति मे मुलायम सिंह यादव को देखकर राजनिति मे आया जब नेता जी से मुलाकात हुई तो मैने कहा कि मै नाई समाज से हूँ एवं पार्टी मे आना चाहता हूं माननीय नेता जी ने कहा कि नाई समाज के लोगो के बीच जाओ सभी जोड़ों जब पुरे प्रदेश के जिलो मे जाने लगा तो नेता जी ने मेरे जैसे गरीब परिवार के नाई समाज के छोटे कार्यकर्ता को लोक सभा का प्रभारी नियुक्त करते हुए समाजवादी सरकार मे मंत्री बनाकर नाई समाज का सम्मान बढाते हुए ताकत दिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सविता समाज पर भरोसा जताया है, सपा सरकार में मैंने लोकसभा प्रभारी व पर्यवेक्षक के रूप में कार्य किया है। विनोद सविता ने कहा कि बड़े नाजुक दौर में आना पड़ा है, उत्तर प्रदेश हो चाहे केंद्र में हो साजिश के तहत रिजर्वेशन खत्म करने का काम किया है भाजपा सरकार ने। पिछड़े वर्ग के हक की आवाज किसी ने उठाई है तो वो समाजवादी पार्टी ने उठाई है, समाजवादी पार्टी सदैव पिछड़ो की साथी रही है और आवाज उठाने के साथ पिछड़ो के हक और अधिकारों के लिए लड़ने का कार्य करती है। विनोद सविता ने कहा कि भाजपा सरकार बहुत चालक है, उत्तर प्रदेश के चुनाव है उन्हें पता है कि पिछड़ा वर्ग बहुत नाराज है, तमाम पिछड़े वर्ग के लोगो को कृमि लेयर में ला दिया जिससे वो अधिकारों से वंचित हो गए। टीजीटी अभ्यर्थियों पर लाठियों से बर्बर लाठी चार्ज किया अपने अधिकारों को मांगने पर, ये भाजपा की सरकार अपने निम्न स्तर पर कार्य कर रही है, अभी नीट के परीक्षा में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण समाप्त कर दिया, समाजवादी पार्टी ने उसकी लड़ाई लड़ी तो सरकार ने पिछड़ो के अधिकार को वापस किया, ठीक इसी तरह पिछड़ो को एकजुट होना चाहिए समाजवादी पार्टी सदैव पिछड़े, अति पिछड़े, दबे कुचले, शोषित व वंचितों के अधिकारों के लिए लड़ती आई है और लड़ती रहेगी और भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने नीट के परीक्षा में समाजवादी पार्टी के आवाज उठाने पर आरक्षण को वापस किया, ये भाजपा सरकार बहुत चालक है क्योंकि उत्तर प्रदेश में चुनाव है और उनको पता है कि पिछड़े वर्ग के लोग नाराज है ।

विनोद सविता ने कहा कि प्रदेश में पिछले चार वर्षों से सत्ताधारी भाजपा सरकार ने कोई विकास कार्य नहीं किया। किसी भी प्रकार का रोजगार युवाओं को मुहैया नहीं कराया। इसके अलावा हमारे युवा भाई जब अपनी मांगों को लेकर लखनऊ गए तो उनके ऊपर सरकार ने लाठियां बरसाई है तो उनके ऊपर मुकदमें लादे हैं। अन्नदाता दिल्ली में आज की महीनों से अपनी मांगों के साथ बैठा है। कई किसान इस आंदोलन में मर भी गए पर सरकार के पास उनसे बात करने का समय नहीं। कानून अभी लागू भी नहीं हुआ था कृषि का और उसके पहले दो उद्योगपतियों का गोदाम बनकर तैयार हो गया जिससे साफ पता चलता है कि ये कानून किसके फायदे का है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि विनोद सविता पूर्व मंत्री, महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, महानगर महासचिव जितेंद्र यादव, महानगर मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता संदीप शर्मा, इंजीनियर लल्लन शर्मा, रोहित शर्मा छात्र नेता, राजन शर्मा पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, आशीष शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद इमरान, रवि शर्मा, आशीष शर्मा, राहुल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।




### ग्रीन चुनार ड्रीम चुनार संगठन के युवाओं ने उपजिलाधिकारी चुनार रोशनी यादव को सौपा ज्ञापन

प्रखर चुनार मिजार्पुर। ग्रीन चुनार ड्रीम चुनार के युवाओ द्वारा चुनार के सड़कों की दुर्दशा को देखते हुए उपजिलाधिकारी चुनार रोशनी यादव को आज ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में कहा गया है कि नागपंचमी के शुभ अवसर पर होने वाले फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन परेड ग्राउंड पर किया जाना है ।इस आयोजन को देखते हुए चुनार परेड ग्राउंड से पक्का पुल होते हुए चुनार किला रोड तक जाने वाली सड़क की मरम्मत कराया जाना अतिआवश्यक है । जिससे क्रीड़ा स्थल तक पहुँचने में खेल प्रेमियों को कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर कमर वसीम,राममूर्ति यादव,जितेंद्र प्रजापति,राजनाथ यादव,राहुल यादव,लकी यादव,कैफ,संजू यादव,सत्यम वर्मा,सूरज कुमार, राज यादव,अजय गुप्ता,दिनेश यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शराबबंदी की मांग को लेकर 07 अगस्त को महिला सम्मेलन धरसौना कटारी में - शशिप्रताप सिंह



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। शिवपुर भरलाई में हुई,एक बैठक में शशिप्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि 07 अगस्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर मुख्य अतिथि होंगे तथा अजगरा विधायक कैलाश नाथ सोनकर के नेतृत्व में अजगरा विधानसभा के धरसौना कटारी में सुभासपा महिला जागरूकता चेतना सम्मेलन होगा जिसमें हजारों महिला कार्यकर्ताओ को संवाद के माध्यम से जागरूक किया जाएगा उत्तर प्रदेश में शराबबंदी तथा 50 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिये जनमत संग्रह विधानसभा के प्रत्येक गावो में महिला कार्यकर्ता द्वारा कराया जाएगा । बैठक में शशिप्रताप सिंह, बिनोद सिंह टी टी, चंदन विश्वकर्मा, रमेश राजभर, जागेश्वर राजभर, शरद सिंह बिनु, प्रकाश जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### खंड शिक्षा अधिकारी ने लिया चार्ज, माल्यार्पण कर शिक्षकों ने किया स्वागत



प्रखर जखनियां गाजीपुर। स्थानीय बी०आर०सी० केंद्र पर मंगलवार को नवागत खंड शिक्षा अधिकारी श्री राममूर्ति यादव ने अपना कार्य भार ग्रहण किया। प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई जखनियां की ओर से अध्यक्ष रामजन्म यादव के नेतृत्व में माल्यार्पण कर भव्य और शानदार तरीके से स्वागत किया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई जखनियां के अध्यक्ष रामजन्म यादव ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराममूर्ति यादव व्यवहार कुशल होने के साथ-साथ काम के प्रति काफी सख्त और निष्ठावान हैं ।जिनका विभाग में अढ़ाई दशक का अनुभव है ।यू०पी०के कई जनपदों में अपनी पहचान बनाते हुए वर्तमान में प्रयागराज से स्थानांतरित होकर यहां आए हैं तथा यहां के खंड शिक्षा रहे श्री सुनील सिंह का? स्थान ग्रहण किए हैं। गौरतलब हो कि सुनिल सिंह का स्थानांतरण ?देवकली ब्लाक के लिए हो गया है ।इस अवसर पर रामजी पाण्डेय (मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ जखनियां)राधेश्याम यादव कैलाश यादव दिलीप कुमार पांडेय अरविंद कुमार सिंह कमलेश यादव अवनीश यादव लालजी यादव राजेश कुमार भारती सच्चिदानंद पांडेय अजीत सिंह अवधेश कुमार यादव मनीष श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### रसूलपुर मे ग्राम प्रधान द्वारा चलाया गया सफाई अभियान




प्रखर अदलहाट मिजार्पुर। ग्राम रसूलपुर के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान समाज सेवी जावेद अहमद उर्फ राजू खान के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया गांव के लोगों ने बताया कि हमारे गांव में बहुत दिनों के बाद इस तरीके से सफाई हो रहा है ग्रामीणों ने बताया कि जिस जगह सफाई हो रही है वहां पर एक अर्शे के बाद प्रधान राजू खान के द्वारा सफाई करवाया जा रहा है ग्राम प्रधान ने बताया कि जिस गली में सफाई किया जा रहा है इस मोहल्ले में कल बारात आने वाली है इसलिए ग्रामीणों की मांग पर इस मोहल्ले में साफ-सफाई के इंतजाम करवा रहे हैं प्रधान द्वारा एडीओ पंचायत से सफाई कर्मियों की मांग की गई थी जिस पर उनके द्वारा 8 सफाई कमीयों टीम बनाकर गांव में भेजा गया है। सफाई कर्मी गांव में पहुंचते ही जोर-शोर से सफाई कर रहे हैं रसूलपुर निवासी वार्ड नंबर 5 के सदस्य महताब आलम ने बताया कि हमारी मौजूदगी में यह सफाई हो रहा है ग्राम प्रधान द्वारा मुझे सफाई कर्मियों की देख रेख के लिए नियुक्त किया गया ताकि हमारे गांव का बेहतर साफ-सफाई हो उन्होंने कहा कि जब तक गांव की सफाई पूर्ण रूप से नहीं हो जाता तब तक सफाई कर्मी यहां तैनात रहेंगे।

### बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल, पड़ाव डोमरी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

प्रखर वाराणसी। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल, डोमरी,पड़ाव, वाराणसी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। रौनक पटेल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, प्रत्युष दूबे ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं आदित्य गुप्ता ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष विद्यालय से कुल 121 छात्र/ छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा में भाग लिया और सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबन्धक डॉ 0 जयशीला पाण्डेय द्वारा शत-प्रतिशत परीक्षाफल आने पर बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहाकि यह बच्चों के मेहनत का परिणाम है तथा उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उप-प्रबन्धक मुकुल पाण्डेय ने बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य मोहन लाल यादव ने बच्चों के परीक्षा परिणाम एवं सफलताके लिए बधाई दी तथा कहाकि कोरोना जैसी महामारी के बावजूद बच्चों की मेहनत का परिणाम है कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

### एनसीसी के छात्रों ने मेगा कोविड-19 वैक्सीनेशन प्लान के तहत लोगों को किया जागरूक

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। बृजमनगंज कस्बे में स्थित महात्मा गाँधी इण्टर कॉलेज के एनसीसी कैड्टस छात्र छात्राओं ने आज दिनांक 03/08/2021 को प्रधानाचार्य रामऔतार के नेतृत्व में बृजमनगंज ब्लाक के बहदुरी, गुजरौलिया,बंजरहा, सोनाबंदी एवं मिश्रौलिया ग्राम में लगे कैम्प में समस्त ग्रामवासियों को कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित "मेगा कोविड-19 वैक्सीनेशन प्लान" अभियान के तहत टीकाकरण हेतु लोगो को जागरूक एवं टीकाकरण अधिकारीयों का सहयोग किया। इस अवसर पर विकास गुप्ता, सत्यम प्रजापति, सूरज यादव, प्रेमनरारण चौरसिया, अमित चौरसिया, सुभाष चौरसिया, कुशल चौरसिया, सरयू नाथ, चन्द्रमण्डल, राहुल, राजकुमार यादव, विन्ध्याचल विश्वकर्मा, सतीश गुप्ता, राहुल गुप्ता, मोनू प्रजापति, अमित कुमार आदि एन सी सी कैडेट्स मौजूद रहें।



# अपराधियों के हौसले बुलंद दिनदहाड़े हुई छिनैती की घटना से दहशत में लोग

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज जिले में लूट एवं छिनैती की घटनाएं तेज हो गई है बीते दिनों फरेंदा कैंपियरगंज मोड पर बाइक सवार बदमाशों ने बंदूक की नोंक पर एक ब्यापारी से सात लाख रुपए लूट लिया दूसरे दिन बृजमनगंज क्षेत्र में कोल्हई रोड पर एक युवक की नई मोबाइल सेट छिनकर फरार हो गए और नगर पंचायत बृजमनगंज स्थानीय कस्बे के धानी मोड़ पर स्थित श्रीसिद्धि विनायक ज्वेलर्स की दुकान में सोमवार की सुबह दो शातिर बदमाश बाइक से ग्राहक बनकर पहुंचे और दुकान पर बैठे आलोक वर्मा लड़के से जेवरात खरीदने की बात कहकर दिखाने को कहा और फिर जेवरात को डिब्बे से निकाल कर दोनों छीना झपटी करने लगे दुकानदार कुछ समझ पाता उससे पहले एक लडका भागने लगा फिर दूसरा उसके पीछे भागने लगा लेकर भागने लगे । दुकानदार द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने एक बदमाश को उसकी बाइक समेत पकड़ लिया जबकि दूसरा बदमाश फरार हो गया लोगों ने तत्काल




स्थानीय पुलिस को खबर दी पुलिस चोर के पिछे गई परन्तु दूसरा भागने में सफल रहा।पकडे गये बदमाश के पास आधारकार्ड मिला है जिससे पता चलता है कि वह पुणे महराष्ट्र का रहने वाला है मीडिया में खबर चलते ही सीओ फरेन्दा व एएसपी महराजगंज ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली फरार हुए दूसरे बदमाश के बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी है । बताते चलें कि बृजमनगंज थाने से 100 मीटर की दूरी पर कस्बे के धानी रोड पर स्थित ज्वेलर्स की दुकान स्थित हैं दुकान के मालिक संजय वर्मा घर पर नहीं थे और दुकान पर उनका लड़का आलोक वर्मा मौजूद था । बदमाशों ने आलोक से चांदी का सामान दिखाने को कहा और उन्होंने एक चांदी की ताबीज खरीदकर भुगतान भी कर दिया । इसके बाद फिर सोने के सामान दिखाने को कहा जिस पर आलोक सामान दिखा ही रहा था कि दोनों बदमाशों ने सामान के डिब्बे में हाथ डाल दिया और सोने का कुछ सामान निकाल लिया जिस पर आलोक ने विरोध किया तथा उसने दोनों की तलाशी लेने की बात कही तो दोनों हाथापाई करते हुए फरार होने लगे आलोक ने आस - पास शोर मचाया और बड़ी संख्या में लोग पहुंचने लगे जिनमें एक बदमाश को उसके बाइक के साथ लोगों ने पकड़ लिया । उक्त बदमाश ने लोगों के साथ मारपीट भी किया । मौके पर पहुंची पुलिस को लोगों ने पकड़े गये बदमाश को उनके हवाले कर दिया । पकड़े गये बदमाश के पास आधारकार्ड मिला जिस पर मो.अजीत जाफरी पुणे महराष्ट्र लिखा हुआ था हालांकि पुलिस इस घटना के सम्बन्ध में अभी कुछ भी कहने से बच रही है । सरार्फा व्यवसायी के पुत्र द्वारा यह बताया गया कि उसके पिताजी संजय वर्मा घर से बाहर है इसलिए गायब हुए सामान की सूची देने में वह असमर्थ है । उनके आने के बाद ही गायब हुए सामानों की सूची वह अनुमानित लागत पता चल सकेगा । मौके पर थानाध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह व फरेन्दा कोतवाल गिरिजेश उपाध्याय व क्राइमब्रांच महराजगंज की टीम समेत पुलिस बल ने वहां पहुंचकर सीसी टीवी कैमरे में कैद हुए फुटेज को देखा व पूछताछ किया । बृजमनगंज थानाध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस पूरे घटना की जांच गहनता से कर रही है । दूसरे फरार अपराधी को भी शीघ्र पकड़ लिया जायेगा । इस घटना का पदार्फाश शीघ्र ही किया जायेगा।

## सरकार के जन विरोधी नितियो के खिलाफ सपाई साइकिल चलाकर खोलेंगे सरकार की पोल

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा सरकार के जन विरोधी नितियो के खिलाफ साइकिल यात्रा के माध्यम से साइकिल चलाकर सरकार की पोल खोलने के लिए कटिबद्ध है। आज अर्दली बाजार स्तिथ समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा के अध्यक्षता में अतिआवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में समाजवादी आंदोलन के प्रखर नेता जनेश्वर मिश्र के जन्मदिवस पर 5 अगस्त 2021 को वाराणसी जनपद में तहसील स्तर पर समाजवादी साइकिल यात्रा निकाले जाने के संदर्भ में कार्यकर्ताओ को निर्देश दिया श्री शर्मा ने कहा कि पांच जुलाई को सभी कार्यकर्ता व नेता व वार्ड अध्यक्ष एव सेक्टर प्रभारी अपने अपने विधान सभा एव क्षेत्र से साइकिल के साथ भ्रमण करते हुए जन जन तक सरकार की नाकामी को बताएंगे ।बैठक मे विधान सभा चुनाव के संदर्भ मे बूथ लेवल पर कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया मतदाता पुननिरीक्षण कार्य बी0 एल0 ओ0 द्वारा किया गया था परन्तु वर्तमान में भी मतदाता सूची में नाम बढ़ाने , काटने , संशोधन के संदर्भ में वरिस्ठ नेतागण व कार्यकताओं के साथ विचार विमर्श किया व साईकिल यात्रा के संदर्भ में रूप रेखा तैयार की गई। महानगर महासचिव जितेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अब विधान सभा चुनाव का शंखनाद शुरू कर दिया है चुनाव से पूर्व सपा का महंगाई,व्याप्त भ्रष्टाचार,किसानो के उपर थोपे गए काले कानून एवं नौजवान व महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार व भाजपा के जन विरोधी नितियो के खिलाफ सपाई अब सड़को पर लोकतांत्रिक तरीके से मुखर होगे। समाजवदी पार्टी महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी आंदोलन के प्रखर नेता श्री जनेश्वर मिश्र के जन्मदिवस पर 5 अगस्त 2021 को वाराणसी जनपद में तहसील स्तर पर " समाजवादी साइकिल यात्रा निकाली जाएगी । यह साइकिल यात्रा 5 से 10 किलोमीटर तक चलेगी ।

## मुख्य सड़क पर महीनों से हुए जलजमाव में किसान नेताओ ने धान रोपकर किया विरोध

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित चित्त विश्राम तिराहे पर कई महीनों से जलजमाव में किसान नेताओं ने धान रोप कर किया विरोध। बता दें कि भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के मंडल अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ वीरेंद्र सिंह राजू के द्वारा संयुक्त रूप से चित्र विश्राम स्थित मुख्य सड़क पर महीनों से लगे जलजमाव में धान रोप कर विरोध प्रदर्शन किया इन किसान नेताओं द्वारा सड़क निर्माण के बाद मेंटेनेंस का जिम्मा देख रही एसीपी कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों को जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए



बार-बार शिकायत की गई थी बावजूद इसके कंपनी और अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया इस वजह से जलजमाव के कारण प्रतिदिन इस सड़क पर दुर्घटनाएं होती रहती है किसान नेताओं ने जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात दिलाने की मांग की इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में जय सिंह पटेल किसान यूनियन सोमारू शर्मा, मुन्ना मौर्या ,बबलू, संतोष मौर्या, समेत भारी संख्या में किसान यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुहर्रम में कोविड-19 गाइड लाइन का सख्ती से होगा पालन : अंकित कुमार

प्रखर खेतासराय जौनपुर। जिले के अति असंवेदनशील कस्बा खेतासराय और आसपास के संवेदनशील गांवों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम मनीष कुमार वर्मा निर्देश पर एसडीएम शाहगंज राजेश वर्मा, डिप्टी एसपी अंकित कुमार के निर्देशन में मंगलवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई । जिसमें मौजूद कमेटी के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और दोनों समुदाय के लोगों से अधिकारियों ने कोरोना कोविड गाइड लाइन का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। डिप्टी एसपी अंकित कुमार ने कस्बे के सभी नागरिकों को कड़ी हिदायत दिया कि किसी भी तरह की कोई नई परंपरा नहीं कायम होनी चाहिए। शरारती तत्वों



पर पैनी नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे से खास निगरानी की जाएगी। जो भी अराजक तत्व है उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी । इस मौके पर खेतासराय थाने के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर राजेश यादव, चेयरमैन वसीम अहमद, असलम, भाजपा नेता सभासद जगदंबा प्रसाद पांडेय, सभासद मनीष गुप्ता, कृष्णा बाबू साहब, शांति भूषण मिश्र, बलिहारी राजभर, एजाज अहमद समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्रातः 8:00 से सायं 4:30 तक विद्यालय खोलना अव्यवहारिक एवं अधिनियम के विपरीत- रमेश सिंह

प्रखर जौनपुर। अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला द्वारा दिनांक 02/08/2021 को प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों को खोले जाने सम्बन्धी जो आदेश निर्गत किया गया है, उसे अव्यावहारिक एवं मनमाना पूर्ण बताते हुए उ0प्र 0मा0शि0संघ (सेवारत) के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश सिंह ने इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। इस सम्बन्ध में रमेश सिंह ने अवगत कराया है कि आज उन्होंने प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री/ मा0शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर इस अव्यवहारिक एवं मनमाने ढंग से विद्यालयों को संचालित किये जाने सम्बन्धी आदेश को मा0शिक्षा अधिनियम 1921में वर्णित उपबंधों और समयानुसार संशोधित किए जाने की मांग की है। रमेश सिंह ने आगे कहा कि मा0शिक्षा का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि सरकार और विभाग द्वारा विद्यालयों को खोले जाने के सम्बन्ध में अभिभावकों की राय तो ली गयी लेकिन विद्यालयों के प्रधानाचार्यो और पढ़ाने वाले शिक्षकों से कोई परामर्श नहीं लिया गया।इसी से सरकार की नीयत और गम्भीरता को समझा जा सकता है। वैसे तो खानापूर्ति करने के लिए तथाकथित माननीयों / शिक्षक विधायकों से परामर्श का दावा सरकार/ विभाग कर सकता है ,लेकिन जो दशकों पूर्व सेवानिवृत हो चुके हैं और जिनका शिक्षा/शिक्षक हितों/ विद्यालय और छात्रों से कोई मतलब न हो ,उनसे परामर्श का क्या औचित्य है? लेकिन सरकार अपने इन पिछलग्गू माननीयो को सिरमौर बनाने के लिए कदाचित विवश है और ये माननीय भी सरकार/ विभाग के कृपा से ही फल-फूल रहें हैं इसलिए सरकार के इस निर्णय का विरोध नहीं कर पा रहें हैं। परन्तु उ0प्र 0मा0शि0संघ (सेवारत) जो न केवल कार्यरत शिक्षकों का संगठन है बल्कि अपने इन सेवारत साथियों के हितों के लिए संघर्ष करता है ,विभाग/सरकार के इस निर्णय का पुरजोर विरोध करते हुए इसे मा0शि0अधिनियम में वर्णित उपबंधों के अधीन संशोधित कराने के लिए निर्णायक संघर्ष भी करेगा। संगठन,कोविड गाईड लाइन एवं अधिनियम में वर्णित समयानुसार छात्र-हित में विद्यालयो को संचालित किये जाने का पक्षधर है।

### प्रजापति शोषित समाज संघर्ष समिति ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कचहरी जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी को प्रजापति शोषित समाज संघर्ष समिति द्वारा हिस्ट्रीशीटर बजरंगी सिंह धर्मपाल सिंह सूरज सिंह विनोद पासी राजेंद्र पासी तथा नरेश रंजन के ऊपर एफ आई आर दर्ज कराने और जान माल की सुरक्षा के लिए ज्ञापन दिया गया। प्रार्थी कुशल प्रजापति सन ऑफ राम दास प्रजापति जो कि पीएसी सीतापुर मुख्य आरक्षी के पद पर है उन्होंने बताया कि दबंगों द्वारा आए दिन प्रताड़ित किया जाता है और जमीन बेचने का दबाव बनाया जाता है साथ ही मारपीट गाली-गलौज से आए दिन धमकाया जाता है उक्त संदर्भ में कई बार थानों पर सूचना दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है । ज्ञापन देने वालों में प्रजापति शोषित समाज संघर्ष समिति के ढर4 के प्रमुख छेदीलाल निराला ने कहा कि इस संबंध में महिला आयोग डीजीपी लखनऊ पुलिस आयुक्त लखनऊ अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग लखनऊ को पत्रक दिया जा चुका है।

## लगातार शूटिंग में ब्यस्त है भोजपुरी अभिनेत्री नीलू शंकर सिंह

प्रखर गाजीपुर। अपनी खूबसूरत अदाओं से दीवाना बनाने वाली भोजपुरी दर्शको की चहेती अभिनेत्री नीलू शंकर सिंह इन दिनों लगातार बैक टू बैक फिल्मो की शूटिंग में ब्यस्त है।नीलू शंकर सिंह एक ऐसी अभिनेत्री है जिन्होंने लॉकडाउन के बाद लगातार 3 फिल्मो की शूटिंग कम्पलीट कर 4 फिल्म "रानी बिटिया राज करेगी" की शूटिंग कर रही है चारो फिल्मो को लेकर नीलू शंकर सिंह काफी उत्साहित नजर आयी और कहा कि मेरी चारो फिल्मे फुल फैमिली ड्रामा बेस्ड है जिसमे दर्शको को हर एक सीन में मनोरंजन का फुल आनंद मिलेगा क्योंकि इन चारों फिल्मो की कहानी बहुत बेहतरीन है जो अलग अलग सब्जेक्ट पर है और मैं अपने सभी निमार्ता/निर्देशकों को धन्यवाद देती हूँ जिन्होंने मुझ पर विस्वास करके अपनी इन फिल्मो का हिस्सा बनाया। बता दे कि नीलू शंकर सिंह उत्तर प्रदेश से एक अच्छे परिवार से बिलोंग करती है जहाँ से निकलकर अभिनेत्री बनना मुश्किल था लेकिन कहते है जहाँ लगन होती है तो मंजिल मिल जाती है उनकी लगन और मेहनत को देखकर उनके घर वालो ने उन्हें सपोर्ट किया फिर लग गयी अपने सपने को साकार करने में फिल्म जगत में कई साल काफी मेहनत और स्ट्रगल करने के बाद उन्हें कई फिल्में मिली जिनमे से "बेटवा बाहुबली 2"दुलरुआ "लव के लिए कुछ भी करेगा" लज्जो"सुहागन"हमरे भौजी की बहनिया" बेबसी"नई रस्मे नई कसमे"छोरा छिछोरा"हंगामा प्यार में"दिल दीवाना प्यार में"सतरंगी बलम"डोरी प्यार के" आदि कई फिल्मो में अपने अभिनय और डांस का जलवा दिखाया है। नीलू शंकर सिंह के अभिनय और डांस के साथ साथ उनकी खूबसूरती के कायल है और उनकी अदाओं के दीवाने है भोजपुरिया दर्शक इसलिए अपना प्यार आशीर्वाद बनाये है नीलू शंकर सिंह के ऊपर।।



## मृतक पत्रकार के परिजनों को सहायता राशि दिलाने के लिए एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। नगर पंचायत बृजमनगंज शाहाबाद निवासी पत्रकार स्व.मुनीर आलम ऊर्फ डब्बू का निधन कोविड-19 के कारण विगत 08/05/2021 को हो गया था। उनके परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाने हेतू समाजसेवी युवा नेता शशिकांत जायसवाल ने सामाजिक हित में कार्य करते हुए एसडीएम कार्यालय फरेंदा पहुंच कर मुख्यमंत्री सम्बोधित मांग पत्र सौपा।

इस दौरान मरहुमा की पत्नी भी महजूद रही। मृतक पत्रकार अपने पीछे चार छोटी छोटी बच्चियों और 1 बच्चे सहित पत्नी और परिवार को पीछे छोड़ गया। वह अपने परिवार का एक इकलौता मुखिया था जो अपने परिवारों का भरण पोषण कर अपनी आजीविका चलाता था उसकी मृत्यु के उपरांत आज उसका परिवार असहाय हो गया है आर्थिक तंगी से जूझ रहा है मृतक के परिजनों ने सहायता राशि हेतु एसडीएम तहसीलदार डीएम तक



के दरवाजे भी खटखटाया लेकिन कहीं से कोई सहायता नहीं मिल सकी अभी हाल ही में लगभग 36 मृतक पत्रकार परिवारों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ मुख्यालय से प्रदान की गई । किसी कारणवश इस मृतक पत्रकार के कागजात ऊपर तक नहीं पहुंच पाए जिससे मृतक परिवार को सहायता राशि नहीं मिल पाई ऐसे में समाजसेवी व युवा नेता शशिकांत जायसवाल ने अपने सहयोगी साथी व पत्रकार जगदंबा जायसवाल और गौरव जायसवाल के साथ मिलकर उनके घर जाकर जानकारियां इकट्ठा कर उनके परिवार को आश्वस्त करते हुए कहा कि एक बार मैं अपने अस्तर से इस लड़ाई को लड़ना चाहता हूं क्योंकि मुनीर आलम जी मेरे बहुत करीबी पत्रकार साथी रह चुके हैं इसके लिए अगर मुझे मुख्यमंत्री तक भी जाना पड़े तब भी मैं जाऊंगा और आपके परिवार को मृतक पत्रकार आर्थिक सहायता राशि दिलाने का पूरा प्रयास करूंगा समाज सेवा और जन समस्याओं को सुनना यह मेरी पहली प्राथमिकता है और जन समस्याओं को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने के लिए मैं सदैव कटिबद्ध हूं यदि मेरे द्वारा किए गए छोटे से प्रयास के माध्यम से किसी का भला होता है तो मैं कभी भी इससे पीछे नहीं हटूंगा।

## क्वान की डो खेल में अमित को मिला ब्लैक बेल्ट

प्रखर सैदपुर (गाजीपुर)। छेत्र के औड़िहार निवासी अमित कुमार सिंह को क्वान की डो खेल में ब्लैक बेल्ट की डिग्री प्राप्त हुई है । अमित ने दिशम्बर 2019 में प्रथम अंतर्राष्ट्रीय इंस्ट्रक्टर कोर्ष व ब्लैक बेल्ट कैम्प में प्रतिभाग किया था । कोरोना संक्रमण के कारण स्वीटजरलैंड स्थित अंतर्राष्ट्रीय क्वान की डो फेडरेशन से ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र आने में विलंभ हुई।क्वान की डो फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में पूरे भारत से कई मास्टर्स ने प्रतिभाग किया था । उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करते हुवे अमित कुमार सिंह प्रदेश में पहले क्वान की डो ब्लैक बेल्ट होल्डर बन गए हैं।गौरतलब हो कि अमित कुंमार सिंह ताईक्वांडो खेल के राष्ट्रीय स्तर के कोच हैं और ताईक्वांडो में साउथ कोरिया द्वारा जारी ब्लैक बेल्ट में चतुर्थ डॉन की डिग्री अर्जित कर चुके हैं , अमित ताईक्वांडो के राष्ट्रीय रेफरी भी हैं जिन्हें ताईक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया ने ग्रेजुवेट की उपाधि दी है । ताईक्वांडो में दर्जनों राष्ट्रीय और आधा दर्जन से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ीयों को तैयार करने वाले अमित क्वान की डो में भी तेरहः राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करा चुके हैं । इन्ही उपलब्धियों को देखते हुवे वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने उन्हें राजभवन लखनऊ में संम्मानित किया था।इस अवसर पर अमित कुमार सिंह ने बताया कि क्वान की डो खेल में उपर्युक्त उप्लब्धी का पूरा श्रेय मैं ताईक्वांडो को दूंगा , क्योंकि ताईक्वांडो में स्तेमाल किये जाने वाले दाव पेंच और नियमावलियां क्वान की डो खेल से काफी मिलते जुलते हैं , जिसके कारण मेरी ताईक्वांडो ट्रेनिंग यहां काम आई।अवगत हो कि तकनीकी ज्ञान, कुशल प्रबन्ध छमता और प्रदेश स्तर पर प्रभाव को देखते हुवे क्वान की डो फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अमित कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश क्वान की डो एसोसिएशन का महासचिव नियुक्त किया है , जिसके प्रदेश अध्यक्ष आई.ए.एस. गौरांग राठी(नगर आयुक्त अलीगढ़) हैं ।



## संक्षिप्त खबरें

### जान से मारने की धमकी और असलहे के साथ वायरल फोटो पर एक्शन में पुलिस

प्रखर जौनपुर । जिले के मछलीशहर कोतवाली पुलिस ने जान से मारने की धमकी और अगले के साथ वायरल फोटो मामले में एक युवक के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के थलोई (नरियापार) पोस्ट भिखारीपुर कला निवासी देव प्रकाश पुत्र फूलचंद ने कोतवाली में तहरीर देकर सिकरारा थाना क्षेत्र के देवी गंज निवासी प्रशांत कुमार से जान का खतरा बताया है जिसकी फोटो भी असले के साथ सोशल मीडिया में कुछ दिन पहले वायरल हुई थी । इस मामले में देव प्रकाश मछली शहर कोतवाली पहुँचकर प्रशांत कुमार के खिलाफ तहरीर दी। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद मामले की जाँच करायी गई तो मामला सही पाया गया। जिसके बाद जगीरा ब्रांड के संस्थापक के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



### प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चे हमारे बच्चे है- डा0 कल्पना

प्रखर गाजीपुर। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी मरदह, गाजीपुर, डॉक्टर कल्पना के मार्गदर्शन से इस कोरोना रूपी महामारी में भी शिक्षको द्वारा पूरे मनोयोग से मोहल्ला क्लास चलाए जा रहे हैं । आप सभी को बताते चलें कि शिक्षा क्षेत्र मरदह में खंड शिक्षा अधिकारी और शासन के निर्देश के क्रम में शिक्षकों के सहयोग से क्षेत्र के सभी विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा नए-नए आयामों और नई नई विधाओं से मोहल्ला क्लास चलाए जा रहे हैं जिससे बच्चों और अभिभावकों में काफी प्रसन्नता दिखाई दे रही है। प्रत्येक बच्चों को अपना बच्चा समझ कर पढ़ाने का निर्देश खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बार-बार दिया जा रहा है जिससे अध्यापक प्रेरित होकर बच्चों को पूरे ईमानदारी से उन को शिक्षा देने के कार्य में जुटे हुए हैं। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी महोदय से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सभी शिक्षक मोहल्ला क्लास के रूप में अपना बच्चा समझ कर शिक्षित कर रहे है ।अच्छे शिक्षको को सम्मानित किया जाएगा । किसी भी अध्यापक की समस्या हमारी समस्या है अगर किसी अध्यापक को कोई परेशान करता है तो उसको बख्शा नहीं जाएगा उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी और शिक्षकों का अहित किसी भी दशा में नहीं होने दिया जाएगा ।

### ड्रम सीडर विधि से करे धान की सीधी बोवाई : ड़ा.नरेंद्र रघुवंशी

प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, कल्लीपुर (मिजार्मुराद) के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ड़ा.नरेन्द्र रघुवंशी समेत ड़ा.समीर पाण्डेय, ड़ा.एन.के.सिंह व ड़ा.नरेन्द प्रताप ने मंगलवार को हरहुआ विकास खण्ड के ग्राम भटपुरवा कला में 50 एकड़ क्षेत्रफल में पैडी ड्रम सीडर विधि द्वारा बोई गई धान के प्रदर्शन का निरिक्षण किया।कृषि विज्ञानियों ने किसानों के साथ विस्तार से चर्चा भी किया। केवीके के अध्यक्ष ने बताया कि यदि कृषक ड्रम सीडर से धान की सीधी बुवाई करें तो समय के साथ रोपाई समेत मजदूरी एवं सिचाई पर आने वाले व्यय में कमी आती हैं। समय से बुवाई होने पर फसल भी समय से तैयार हो जाती हैं। इसके बाद आलू या सरसों की बुवाई भी समय से कर सकते है।कृषको को ड्रम सीडर की संरचना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह एक बेलन पर 4 से 5 प्लास्टिक का ड्रम जो 60 सेंटीमीटर व्यास का होता है।जिसपर 8 से 9 सेंटीमीटर व्यास का छेद बना होता है।बेलन के दोनों किनारो पर प्लास्टिक के पहिया लगा होता है,सीडर को चलाने के लिए बेलन से जुडा हैंडल होता है। जिसको पकड़ कर आगे की ओर चलाया जाता है।रोपण विधि में एक एकड़ पर दो हजार से तीन हजार तक का व्यय आता हैं, जबकि इस विधि से 2 मजदूर द्वारा 4 से 5 घंटे में एक एकड़ की बुवाई हो जाती हैं।जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होती है। किसानों को बताया गया कि धान को बोने से पहले धान को 20 से 24 घंटे पूर्व पानी से भीगो कर रख देते है, जब दाना हल्का अंकुरित हो जाए तो बीज को एक से दो घंटे तक छायेदार स्थान पर रख कर सूखा ले।बीज शोधन के बाद ड्रम में भरकर लाइन में सीधी बुवाई करते है, जिससे खरपतवार एवं कीट नियंत्रण आसानी से किया जा सकता है।

### सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्रत देव से की मुलाकात

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने आज लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्षश्री स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात की इस मुलाकात को लेकर राजनीति गलियारों में हलचल मची हुईं थीं ।इसी बात को लेकर सुभासपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शशि प्रताप सिंह ने बात चित में मीडिया कर्मियों से कहा कि ओमप्रकाश राजभर राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री बर्तमान विधायक होने के नाते किसी भी दल के अध्यक्ष से मिल सकते है उसको राजनीतिक के चस्मा से नही देखना चाहिये। एक शिष्टाचार मुलाकात थी। भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह पटेल एक पिछड़े समाज के नेता है उनसे मिलना पिछड़े समाज के कल्याण के बारे में चर्चा है इसको गठबंधन से जोड़ कर देखना सही नही। भागीदारी संकल्प मोर्चा हमारा गठबंधन है।और हमारी भागीदारी संकल्प मोर्चा सभी 403 सीटों परउत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ेगी और बिकल्प सभी के लिये खुले है भाजपा के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा बनकर तैयार हो रहा है जिसमे 10 दल है आगे कई दल लाइन में है।


प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं